Title Code :- RAJHIN27855

THE DAYSPRING NEWS

# दैनिक द डेस्प्रिंग

@tdnnewsindia
@tdn_thedayspringnews
@the Dayspring news
@thedayspring
@tdnnewsindia

वर्षः 4 अंक:248 मूल्यः 3 रू पेजः 8 जयपुर, बुधवार/ 1 अक्टूबर /2025 जयपुर से प्रकाशित (सीकर, जोधपुर, कोटा, भरतपुर, सिरोही से प्रसारित)

## डेढ़ लाख के करीब पहुंची चांदी, सोना भी महंगा

जयपुर ।

देशभर में अष्टमी के मौके पर कीमती धातुओं की कीमत ने इतिहास के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में जारी उठापटक के बाद मंगलवार को भारत में सोने की कीमत में 1700 रुपए की तेजी आई है। वहीं चांदी की कीमत 1 लाख 49 हजार रुपए के शिखर पर पहुंच गई है। सर्राफा व्यापारियों के अनुसार अगले कुछ दिनों में कीमती धातुओं के दामों में और तेजी आने की संभावना है। त्योहारी सीजन की वजह से बढ़े सोने-चांदी के दाम सर्राफा एसोसिएशन के भवानी राजावत ने बताया कि वैश्विक बाजार के साथ भारतीय बाजार में कीमती धातुओं की डिमांड बढ़ गई है। जिसका प्रमुख कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अस्थिरता और भारत में त्योहारी सीजन है। यही कारण है कि सोने और चांदी दोनों की कीमत निरंकुश हो गई है।

## यात्रीगण ध्यान दें आज से लागू हो रहा है 'ट्रेन' टिकट का नया नियम

### पहले 15 मिनट होंगे बेहद अहम,आधार कार्ड जरूरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अगर आप भी दीवाली और छठ पर जाने का प्लान बना रहे हैं, तो आपको पहले एक बड़े बदलाव के बारे में जान लेना चाहिए। बता दें, 1 अक्टूबर से ट्रेन टिकट बुकिंग का नया नियम लागू हो रहा है। ये नियम पहले केवल तत्काल टिकट बुकिंग पर लागू हुआ था, लेकिन अब ये जनरल रिजर्वेशन टिकट पर भी लागू होगा। दरअसल, इसे रेल टिकट की बुकिंग में धांधली रोकने के उद्देश्य से इंडियन रेलवे ने ये बड़ा फैसला लिया है और इसके तहत 1 अक्टूबर 2025 से नियमों में बदलाव होने वाला है। नए नियम के मुताबिक रिजर्वेशन खुलने के बाद, पहले 15 मिनट में केवल ऐसे लोग ही ऑनलाइन टिकट बुक कर सकेंगे। जिनका आधार



वेरिफेक्शन हो चुका है। अभी ये नियम तत्काल टिकट बुकिंग पर ही लागू है। रिजर्वेशन टिकट का ये नियम आईआरसीटीसी वेबसाइट और ऐप पर लागू होगा, जबकि कम्प्यूटर के जरिए काउंटर से टिकट लेने वालों के लिए समय या प्रक्रिया पहले की तरह ही लागू होगी। यानी बगैर आधार वेरिफिकेशन के टिकट बुकिंग करा सकेंगे। 1 अक्टूबर से आधार वेरिफाइड अकाउंट को ही प्राथमिकता दी जाएगी। पहले 15 मिनट तक वेरिफाइड आधार अकाउंट को छोड़कर और किसी को भी बुकिंग की अनुमति नहीं होगी। इस नियम से टिकट दलाली पर अंकुश लगेगा और ये सुनिश्चित हो सकेगा कि टिकट वेरिफाइड यूजर्स तक ही पहुंचे। आधार ऑथेंटिफिकेशन यूजर्स तक ही पहले ऑनलाइन बुकिंग को सीमित करके, भारतीय रेलवे सही तरह टिकट यूजर्स को दे सकेगी। इस तरह थोक बुकिंग कम होगी, और यात्री रेलवे की सुविधा तक आसानी से पहुंच सकेंगे। गौर करने वाली बात ये है ये नया नियम तब लाया गया, जब रेलवे ने जुलाई से तत्काल टिकट के लिए आधार कार्ड को जरूरी कर दिया। 1 जुलाई 2025 से तत्काल टिकट बुक करने के लिए आधार कार्ड देना जरूरी है। ये नियम आईआरसीटीसी वेबसाइट और ऐप दोनों पर लागू है।

## ब्रह्मोस मिसाइलों में अपग्रेड करने की है असीमित क्षमता

- रूसी दूत ने दे दिए बड़े संकेत,पुतिन के दौरे पर भी बोले

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत-रूस के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत बनाने वाली ब्राह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल में आधुनिकीकरण की पूर्णतः असीमित संभावनाएं हैं। यह बात रूसी दूतावास के उप-प्रमुख रोमन बाबुश्किन ने कही। उन्होंने कहा कि यह मिसाइल दोनों देशों के बीच सबसे उन्नत और विश्वसनीय रक्षा साझेदारी का प्रतीक है। ब्रह्मोस, भारत और रूस के संयुक्त उद्यम का नतीजा है, जिसमें




भारत की डीआरडीओ और रूस की एनपीओएम की विशेषज्ञता शामिल है। 1990 के दशक के मध्य में भारत की एडवांस क्रूज मिसाइल क्षमता की दिशा में पहल के रूप में इसकी शुरुआत हुई थी। बाबुश्किन ने कहा कि इस मिसाइल को उसके सामरिक पैमानों के आधार पर और भी ज्यादा सशक्त बनाया जा सकता है। गौरतलब है कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के खिलाफ ब्रह्मोस का इस्तेमाल किया था। भारत ने इस मिसाइल का निर्यात भी किया है, जिसमें फिलीपींस के साथ 375 मिलियन डॉलर का सौदा शामिल है, और कई अन्य देश भी इसे खरीदने के इच्छुक हैं।

## फिर दहला पाकिस्तान 10 लोगों की हुई मौत

### क्वेटा में भीषण धमाका, 30 से ज्यादा घायल,अस्पतालों में इमरजेंसी



**क्वेटा (एजेंसी)।** पड़ोसी देश पाकिस्तान बम धमाकों से फिर दहल उठा है। वहां के अशांत बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा में मंगलवार को भीषण बम विस्फोट हुआ, जिसमें अब तक 10 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 30 लोग घायल हुए हैं। मरने वालों में फ्रंटियर कॉर्प्स के जवान भी शामिल हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक धमाका बहुत जोरदार था।

धमाका होते ही धुएं का गुबार आसमान में छा गया और वहां अफरा-तफरी मच गई। उनके मुताबिक इस धमाके में कई लोग घायल हुए हैं। धमाके की भीषणता को देखते हुए वहां के अस्पतालों में इरजेंसी घोषित कर दी गई है। सभी डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ, नर्सों को ड्यूटी पर मौजूद रहने का निर्देश दिया गया है और सभी की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। यह विस्फोट फ्रंटियर कोर मुख्यालय के आगे हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को क्वेटा शहर के पूर्वी हिस्से में फ्रंटियर कॉर्प्स मुख्यालय के पास ये धमाका हुआ है। अधिकारी के मुताबिक, कार में हुए शक्तिशाली विस्फोट के बाद वहां भारी गोलीबारी भी हुई है।

मॉडल टाउन और आसपास के इलाकों में सुनाई देने वाले इस विस्फोट से आस-पास के घरों और व्यावसायिक इमारतों की खिड़कियों के शीशे टूट गए, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। इसके तुरंत बाद, इलाके में गोलियों की तड़तड़ाहट गूंजने लगी, जिससे निवासियों में दहशत फैल गई। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, यह विस्फोट क्वेटा के जरघून रोड के पास हुआ। पुलिस के हवाले से इसमें कहा गया है कि शुरुआती जानकारी के मुताबिक विस्फोट में छह लोगों की मौत हो गई है। स्वास्थ्य सचिव मुजीबुर रहमान के हवाले से डॉन अखबार ने बताया कि बलूचिस्तान स्वास्थ्य विभाग ने शहर भर के अस्पतालों में आपातकाल घोषित कर दिया है। रहमान ने कहा, सभी सलाहकारों, डॉक्टरों, फार्मासिस्टों, स्टाफ नर्सों और पैरामेडिकल कर्मचारियों को अस्पतालों में मौजूद रहने का निर्देश दिया गया है। अखबार ने प्रांतीय स्वास्थ्य विभाग के मीडिया समन्वयक डॉ. वसीम बेग के हवाले से कहा, विस्फोट में घायल लोगों को सिविल अस्पताल के दुर्घटना एवं आपातकालीन विभाग और ट्रॉमा सेंटर लाया गया।

## बिहार में एसआईआर की फाइनल लिस्ट जारी

- 69 लाख नाम हटे,21 लाख नए जुड़े, कुल वोटर्स की संख्या 7.41 करोड़

**पटना (एजेंसी)।** चुनाव आयोग ने बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) की फाइनल लिस्ट मंगलवार को जारी कर दी है। बिहार



में अब कुल वोटर्स की संख्या 7.41 करोड़ हो गई है। फाइनल लिस्ट से 69 लाख नाम हटे हैं। 21 लाख नए नाम जुड़े हैं। ड्राफ्ट लिस्ट से जो 65 लाख नाम कटे थे उसमें 17 लाख नामों को लिस्ट में जोड़ा गया है। फाइनल एसआईआर लिस्ट में पटना जिले में मतदाता बढ़े हैं।

## इलेक्ट्रिक गाड़ियां अब पेट्रोल डीजल की तरह करेंगी आवाज

- अकॉस्टिक व्हीकल अलर्टिंग सिस्टम 1 अक्टूबर 2026 से अनिवार्य, पैदल यात्रियों को करेगा अलर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इलेक्ट्रिक गाड़ियां जल्द ही पेट्रोल और डीजल गाड़ियों की तरह आवाज करते हुए नजर आएंगी। कंपनियों को इलेक्ट्रिक गाड़ियों में अकॉस्टिक व्हीकल अलर्टिंग सिस्टम अनिवार्य रूप देना होगा। इस संबंध में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने कंपनियों को नोटिफिकेशन जारी किया है। इस सिस्टम से गाड़ी कम स्पीड पर पहुंचने पर नॉर्मल (पेट्रोल-डीजल) गाड़ियों की तरह आवाज करती है। इससे सड़क या फुटपाथ पर पैदल चल रहे लोगों को गाड़ी के आने का अलर्ट मिलता है। नई ईवीएस के लिए ये नियम 1 अक्टूबर 2026 से लागू होगा, जबकि मौजूदा मॉडल्स के लिए 2027 तक का समय मिलेगा। ये सिस्टम गाड़ी के 20 किमी प्रति घंटा से कम स्पीड पर



पहुंचते ही एक आर्टिफीशियल साउंड (जैसे- हल्की बीप या ईवी स्पेसिफिक साउंड) जनरेट करेगा। इससे सड़क पर चल रहे लोगों (पैदल, साइकिल, स्कूटर सवार) को दूर से ही ईवी के आने का अलर्ट मिलेगा। हाई स्पीड पर ये सिस्टम ऑटोमैटिक बंद हो जाता है। सिस्टम स्पीकर या चेसिस से जुड़ा होगा और वॉल्यूम स्टैंडर्ड होगा ताकि ज्यादा शोर न हो। कुछ ईवीएस में ये साउंड कस्टमाइजेबल भी होगा।

## दो और राज्यों में कांग्रेस बदलेगी अपना अध्यक्ष

### सचिन पायलट को राजस्थान में मिल सकता है चांस!

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हरियाणा प्रदेश में अध्यक्ष बदलने के बाद कांग्रेस पार्टी अब दो और राज्यों, राजस्थान और गोवा में प्रदेश अध्यक्ष में बदलाव कर सकती है और इसमें अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय के नेतृत्व को अवसर मिल सकता है। पार्टी ने हाल ही में हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष पद की कमान वरिष्ठ नेता राव नरेंद्र सिंह को सौंपी है। इसके अलावा पार्टी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा को हरियाणा कांग्रेस विधायक दल का



नेता नियुक्त किया है। अब पार्टी राजस्थान और गोवा के नए प्रदेश अध्यक्ष पद पर नियुक्तियों पर गहराई से विचार कर रही है।

## दो अक्टूबर से पहले लंदन में बड़ा कोहराम

### महात्मा गांधी की प्रतिमा को किया गया क्षतिग्रस्त




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दो अक्टूबर से ठीक पहले सेंट्रल लंदन में महात्मा गांधी की 57 साल पुरानी प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने की कोशिश की गई है। यह घटना सेंट्रल लंदन के टैविस्टॉक स्क्वायर की उस स्मारक की है, जहां कांस्य की मूर्ति में गांधी जी ध्यान मुद्रा में बैठे हैं। घटना की सूचना मिलते ही भारतीय हाई कमीशन के अधिकारी फौरन घटनास्थल पर पहुंचे और स्थानीय अधिकारियों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद प्रतिमा को फिर से इसकी मूल स्थिति में वापस लाने की कोशिशें भी तत्काल शुरू कर दी गईं। लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग ने इस घटना को शर्मनाक बताते हुए कड़ी निंदा की है। इस दौरान ऐसी भी रिपोर्ट है कि इस घटना के पीछे खालिस्तान समर्थकों का हाथ है।

### खालिस्तानियों ने किया गांधी प्रतिमा पर हमला

एक वरिष्ठ पत्रकार आदित्य राज कौल ने घटना के बाद का एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें दिख रहा है कि हमलावर क्या करके गए हैं। वीडियो में दिख रहा है कि उन्होंने गांधी प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ की तो कोशिश की ही है और साथ में काले रंग से लिखा है, गांधी- मोदी, हिंदुस्तानी टेररिस्ट...। वहां एक तिरंगे का भी अपमान किया गया है और उसपर भी टेररिस्ट लिखा हुआ है। कौल ने वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा है, लंदन, यूके में दो दिन पहले महात्मा गांधी की प्रतिमा को टैविस्टॉक स्क्वायर में खालिस्तानी चरमपंथियों द्वारा क्षतिग्रस्त किया गया।

## पीएम ने लद्दाख के लोगों से किया है धोखा

- राहुल बोले-गोलीबारी की न्यायिक जांच की जाए
- लेह में कर्फ्यू में ढील,इंटरनेट 3 अक्टूबर तक बंद

**लेह (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को आरोप लगाते हुए कहा, पीएम मोदी ने लद्दाख के लोगों के साथ धोखा किया है। लेह में पुलिस गोलीबारी में 4 प्रदर्शनकारियों की मौत की निष्पक्ष न्यायिक जांच की जाए। इनमें कारगिल युद्ध में शामिल त्सावांग थारचिन भी शामिल थे। उन्होंने एक्स पर थारचिन के पिता का वीडियो पोस्ट किया। राहुल ने हिंदी में अपने पोस्ट में कहा- पिता की दर्द भरी आंखें एक सवाल पूछती हैं, क्या आज



देश सेवा का यही ईनाम है। हिंसा और भय की राजनीति बंद करें। वहीं, गृह मंत्रालय ने मंगलवार को लद्दाख के लेह जिले में 3 अक्टूबर तक मोबाइल इंटरनेट और सार्वजनिक वाई-फाई सेवाओं को पूरी तरह से बंद करने का आदेश दिया। यहां सुबह 10 से शाम 7 बजे तक कर्फ्यू में ढील दी गई है। लद्दाख को राज्य का दर्जा और पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक समेत अन्य गिरफ्तार युवाओं की रिहाई की मांग तेज हो गई है। करगिल डेमोक्रेटिक अलायंस ने कहा है कि लद्दाख में हालात सामान्य होने तक केंद्र की उच्च अधिकार प्राप्त कमेटी से बात नहीं करेंगे।

### गृह मंत्रालय बोला-बातचीत को तैयार है केंद्र

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सोमवार रात को कहा कि केंद्र लद्दाख से जुड़े मामलों पर एलडीए और केडीए से किसी भी समय संवाद को तैयार है। गृह मंत्रालय ने भरोसा जताया कि बातचीत से सकारात्मक नतीजे मिलेंगे। एलडीए ने झड़पों और गिरफ्तारियों के विरोध में 6 अक्टूबर तक बातचीत से दूरी बनाई है और न्यायिक जांच और पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की रिहाई की मांग की है। कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस (केडीए ) ने कहा है कि सोनम वांगचुक की रिहाई तक वह केंद्र के साथ बातचीत में शामिल नहीं होगा। केडीए के सह अध्यक्ष असगर करबला ने कहा कि केंद्र लेह गोलीबारी की न्यायिक जांच का आदेश दे और सभी गिरफ्तार लोगों को रिहा करे। लद्दाख के सांसद मोहम्मद हनीफा ने कहा कि लद्दाख के लोग राष्ट्र-विरोधी के रूप में बताए किए जाने से नाराज हैं। लेह शहर में मंगलवार सुबह 10 बजे से कर्फ्यू में सात घंटे की ढील दी गई, इससे लोगों को राहत मिली। मंगलवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक कर्फ्यू में ढील दी गई थी और बाद में इसे बढ़ा दिया गया।

## भाजपा नेता विजय कुमार मल्होत्रा का हो गया निधन

### 93 साल के थे,दिल्ली के पहले बीजेपी अध्यक्ष

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा के सीनियर नेता विजय कुमार मल्होत्रा का मंगलवार सुबह 93 साल की उम्र में निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से दिल्ली एम्स में भर्ती थे। एम्स ने आज सुबह उनकी मौत की जानकारी दी। मल्होत्रा दिल्ली से 5 बार सांसद और दो बार के विधायक थे। वे



1980 में दिल्ली के पहले प्रदेश अध्यक्ष बने। उन्होंने 1999 के लोकसभा चुनावों में दक्षिण दिल्ली से कांग्रेस उम्मीदवार मनमोहन सिंह को हराया था। उनके पार्थिव शरीर को दिल्ली स्थित उनके आवास पर रखा गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित भाजपा के कई बड़े नेता उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे।

## फिलिस्तीन को 11 वर्षों में की 700 करोड़ की मदद!

## इजरायली प्रतिबंध दरकिनार,भारत ने नहीं छोड़ा साथ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने पिछले 11 वर्षों में फिलिस्तीन को लगभग 80 मिलियन डॉलर (करीब 700 करोड़ रुपये) की विकासात्मक सहायता दी है, जो इससे पहले के 65 वर्षों में दी गई मदद की लगभग दोगुनी है। भारतीय अधिकारियों के मुताबिक, यह सहायता मानवीय जरूरतों और विकास परियोजनाओं दोनों को ध्यान में रखते हुए दी गई है। भारत न केवल द्विपक्षीय रूप से बल्कि संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी के माध्यम से भी फिलिस्तीन को मदद करता रहा है, भले ही इस एजेंसी पर इजरायल ने प्रतिबंध लगा रखा हो। भारत हर साल 5 मिलियन डॉलर का योगदान देता है और 2020-21 से अब तक कुल 27.5 मिलियन डॉलर उपलब्ध करा चुका है। 2014 से अब तक फिलिस्तीन को



दी गई भारत की विकासात्मक सहायता (लगभग 80 मिलियन डॉलर) पिछले 65 वर्षों (करीब 42 मिलियन डॉलर) की तुलना में लगभग दोगुनी है। इसके अलावा 40 मिलियन डॉलर की परियोजनाएं पाइपलाइन में हैं। सरकार को कुछ आलोचना झेलनी पड़ी है, खासतौर पर इस साल जून में संयुक्त राष्ट्र महासभा में स्थायी और बिना शर्त युद्धविराम पर आए प्रस्ताव पर भारत के मतदान से परहेज करने को लेकर। हालांकि, भारत का मानना है कि उसकी समग्र स्थिति- विशेष रूप से दो-राष्ट्र समाधान के प्रति लंबे समय से प्रतिबद्धता बदली नहीं है। भारतीय अधिकारियों के अनुसार, बीते 10 वर्षों में इजरायल-फिलिस्तीन मुद्दों पर आए 175 प्रस्तावों में से किसी के खिलाफ भारत ने मतदान नहीं किया।

## यूनानी चिकित्सा विभाग को मिला नया नेतृत्व, डॉ. हनुमान प्रसाद बने निदेशक

द डेस्प्रिंग

**जयपुर।** आयुष विभाग, राजस्थान सरकार ने सोमवार को आदेश जारी कर यूनानी चिकित्सा विभाग के उपनिदेशक डॉ. हनुमान प्रसाद को निदेशक यूनानी चिकित्सा विभाग का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा। आदेश जारी होने के बाद विभाग के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों में खुशी का माहौल है। उन्होंने उपमुख्यमंत्री एवं कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा का आभार जताया। डॉ. हनुमान प्रसाद को निदेशक बनाए जाने पर वरिष्ठ यूनानी चिकित्सक डॉ. मोहम्मद रोशन, डॉ. अमजद अली, डॉ. सुनीता चौधरी, डॉ. साबिर खान, डॉ. ताराचंद वर्मा, डॉ. अबरार अहमद, डॉ. सादिक खान, प्रो. मलिक फयाज़ अहमद, प्रो. मोहम्मद जावेद सहित अन्य चिकित्सकों ने माल्यार्पण और साफा पहनाकर बधाई दी। सभी ने इसे न सिर्फ डॉ. हनुमान प्रसाद की उपलब्धि बल्कि पूरे यूनानी विभाग के लिए गर्व का क्षण बताया।



## माता के सजे दरबार में कलाकारों ने दी भजनों की प्रस्तुति

द डेस्प्रिंग

**जयपुर।** राजधानी जयपुर के मानसरोवर की पत्रकार कॉलोनी में माता जगराते का आयोजन किया गया। जहां कलाकारों ने माता रानी के भजनों की प्रस्तुति दी। माता के सजे दरबार के दर्शन कर श्रद्धालु निहाल हो उठे। आयोजक अरुण कुमार सिंह और अमित खंडेलवाल ने बताया कि मुख्य अतिथि डॉ. आशुतोष पंत, मुहाना थानाधिकारी गुरु भूपेन्द्र सिंह ने मातारानी के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया। इस दौरान भक्तों को प्रसादी वितरित की गई। मनमोहक दरबार के समक्ष भक्तों ने सुख समृद्धि की कामना की। वहीं अंत में सभी ने हाल ही केंद्र की जीएसटी कटौती का त्योहारी सीजन में दी गई सौगात का स्वागत किया।



## नानूराम वर्मा व सुशील नायक ने राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मालपुरा में उप प्राचार्य पद पर किया कार्यभार ग्रहण





**मालपुरा किशन पोसवाल मालपुरा।** पीएमश्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मालपुरा में कार्यरत रसायन विज्ञान के व्याख्याता नानू राम वर्मा व राजीनीति विज्ञान के व्याख्याता सुशील नायक ने शिक्षा विभाग के अनुसार व्याख्याता पद से पदोन्नति उपरांत आज दुर्गाष्टमी पर्व पर स्थानीय विद्यालय में उप प्राचार्य पद पर यथावत कार्य ग्रहण किया, इस अवसर पर व्याख्याता जगदीश लाल गुर्जर, गोपाल सैन, प्रवीण वर्मा, अर्चना वालिया, पवन सांखला, रामकिशन सैनी भंवर कुम्हार उपस्थित रहे

# डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी : डॉ. चौहान

### शेखावाटी विश्वविद्यालय में साइबर स्वच्छता पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

### समाज के सुरक्षा कवच बनेंगे विवि के साइबर सिक्यूरिटी के विद्यार्थी - प्रो. राय

द डेस्प्रिंग







**सीकर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर में मंगलवार को %एक सुरक्षित, जागरूक और डिजिटल रूप से सशक्त समाज की ओर% विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) नई दिल्ली के संयुक्त सचिव डॉ. जी. एस. चौहान थे। डॉ. चौहान ने कहा कि साइबर अपराध से लड़ने का सबसे सशक्त साधन है जागरुकता। उन्होंने बताया कि साइबर अपराध के खिलाफ लड़ाई केवल सरकार या पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। विशेषकर युवा पीढ़ी को इस अभियान में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। डॉ. जीएस चौहान ने कहा कि युवाओं की ऊर्जा, तकनीकी समझ ही एक सुरक्षित डिजिटल भारत की नींव को मजबूत बना सकती है। आज के डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है।

पीडीयूएसयू सीकर, भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) एवं फेडरेशन ऑफ कम्युनिटी रेडियो स्टेशन्स (स्नष्टक्र) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित साइबर स्वच्छता संगोष्ठी के विशिष्ट अतिथि ट्राई, जयपुर के संयुक्त सलाहकार जे. पी. गर्ग थे। उन्होंने बताया कि भारत तेजी से डिजिटल दुनिया में कदम बढ़ा रहा है, इससे साइबर हमलों का खतरा भी बढ़ रहा है। आज समाज को जागरूक होने की जरूरत है।

#### जागरुकता से ही रूकेंगे साइबर अपराध - प्रो. राय

कार्यक्रम की अध्यक्षता शेखावाटी विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार राय की। प्रो. राय ने कहा कि विश्वविद्यालय ने इस वर्ष से साइबर सुरक्षा का पूरा विभाग शुरू किया है, यहां अध्ययन करने वाले विद्या?र्थी समाज के सुरक्षा कवच बनेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों को नई तकनीक की जानकारी मिलती है जिससे वे साइबर अपराधों से बचाव के लिए तैयार होंगे। प्रो.राय ने कहा कि आधुनिक डिजिटलाइजेशन को समर्थन की जरूरत है, जागरुकता से साइबर ठगी से बचा जा सकता है।

#### सावधानी बचा सकती है नुकसान से

सारस्वत अतिथि के रूप में यशवंत पाटिल, अध्यक्ष फेडरेशन ऑफ कम्युनिटी रेडियो, इन्द्रराज कपूरिया, डिप्टी कमांडेड, सीआरपीएफ, अरुण भुकर अध्यक्ष, व्यापार महामंडल सीकर, दिनेश आर्य, सरपंच, दौलतपुरा, बलवीर भूकर, पूर्व डीजीपी, बीएसएनएल उपस्थित रहे। सारस्वत अतिथियों ने कहा कि डिजिटल भारत का भविष्य हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी पर निर्भर करता है। थोड़ी सी सावधानी और जागरूकता हमें बड़े वित्तीय और मानसिक नुकसान से बचा सकती है।

कार्यक्रम में राकेश मीना निदेशक, डीओटी राजस्थान, संजीव मीना वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी, ट्राई आरओ जयपुर और नीरज शुक्ला ने साइबर सुरक्षा एवं जागरूकता पर प्रस्तुति दी। संगोष्ठी में विवि के परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजेंद्र सिंह भी मौजूद रहे। दौलतपुरा के सरपंच दिनेश आर्य ने स्वागत किया। राजस्थान के ट्राई में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने वाले विभिन्न प्रतिभागी शामिल हुए। कार्यक्रम संयोजक डॉ. डी. पी. सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया और संचालन डॉ. रेणु ने किया।

## प्ले ग्रुप स्कूल में पैरंट टीचर मीटिंग का आयोजन

द डेस्प्रिंग



**भरतपुर, / रविंद्र सक्सेना।** भरतपुर में संचालित फोस्टर किड्स प्ले स्कूल सूरजमल नगर भरतपुर में 30 सितंबर को पेरेंट्स टीचर मीटिंग का आयोजन किया गया जो पूर्णतया सफल रहा। स्कूल के निदेशक शुभम सक्सेना ने बताया कि स्कूल में पढ़ने वाले नन्हे नन्हे बच्चों के माता-पिता उपस्थित हुए सभी ने अपने बच्चों की प्रगति रिपोर्ट्स और उनकी समस्याओं को बताया इस अवसर पर प्ले ग्रुप स्कूल की अध्यापिकाएं श्रीमती राजकुमारी, श्रीमती उर्मिला देवी, नीतू फौजदार व आरिफ के द्वारा उपस्थित अभिभावकों को उनके बच्चों की प्रगति से अवगत किया और समस्या को गंभीरता से सुना और उनके सभी बिंदुओं के गंभीरता से अनुशासित होकर निष्पक्ष रूप से हर प्रश्न का उत्तर दिया और सभी उपस्थित अभिभावकों को संतुष्ट किया और इस अवसर पर निदेशक शुभम सक्सेना ने बताया कि यह हमारे विद्यालय की प्रथम पेरेंट्स गार्जियन मीटिंग थी सभी अभिभावक विद्यालय की समय-समय पर आयोजित गतिविधियों से और बच्चों की प्रगति से प्रभावित हुए सभी अभिभावकों ने बताया कि आपके विद्यालय के द्वारा हमारे बच्चों को जो शिक्षा दी जा रही है वह बहुत ही सराहनी है जिससे हमारे बच्चे प्रति दिवस घरों जिसे सीख कर जाते हैं और जो भी शिक्षा लेकर आते हैं उसे दिन घर पर रिपीट करते रहते हैं। और प्रातः काल उठते ही स्कूल जाने की रट लगाते हैं और जो भी आपके द्वारा होम वर्क दिया जाता है उसे स्कूल से आते ही तत्काल करने का प्रयास करते हैं जो एक बहुत ही अच्छा कदम है सभी अभिभावक इस कदम से काफी प्रभावित हुए । तथा इस स्कूल का जो यह कदम था बहुत ही सराहनी रहा भविष्य में आप समय समय पर अभिभावक बैठक का आयोजन करते रहे जिससे बच्चों की प्रगति की जानकारी मिलती रहे।

## विद्यादायिनी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ पुस्तक पठन केन्द्र का हुआ शुभारम्भ

द डेस्प्रिंग



**मालपुरा किशन पोसवाल मालपुरा।** रीको एरिया में आज वरिष्ठ नागरिकों द्वारा पुस्तक पठन केन्द्र का शुभारम्भकिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यादायिनी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुई, जिसे वरिष्ठ सदस्य चम्पालाल जैन ने संपन्न कराया। पुस्तक केन्द्र का उद्देश्य हर आयु वर्ग के पाठकों में पठन की रुचि जगाना है। यहाँ ऐसी पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएंगी जिन्हें विशेषकर युवावर्ग पढ़ना चाहता है, लेकिन आसानी से मिल नहीं पातीं। केन्द्र पर पुस्तकें बैठकर पढ़ी जा सकती हैं। यदि पाठक घर ले जाना चाहें तो निर्धारित मूल्य जमा कर पुस्तक ले जा सकते हैं और पुस्तक लौटाने पर राशि वापस कर दी जाएगी। साथ ही, पुस्तक की समीक्षा लिखने वाले पाठकों को पुरस्कार भी दिया जाएगा। पुस्तकों का लेन-देन विजयदशमी के बाद आरम्भ किया जाएगा। शुभारम्भ अवसर पर वरिष्ठ नागरिक चम्पालाल जैन, महावीर प्रसाद जैन, चन्द्र प्रकाश शर्मा, मोतीलाल कारवाल, अमरचंद मेंदवास्या, दिनेशकान्त पाण्डेय, आर एल दीपक एवं चन्द्रमोहन उपाध्याय सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## पुलिस थाना डिग्गी की कार्यवाही, अवैध चैजा पत्थर से भरे हुये डम्पर को जब्त कर एमएमडीआर एक्ट मे एक प्रकरण दर्ज कर वाहन चालक को किया गिरफ्तार

द डेस्प्रिंग



**मालपुरा किशन पोसवाल मालपुरा।** राजेश कुमार मीणा पुलिस अधीक्षक जिला टोंक द्वारा अवैध खनन /परिवहन के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान की पालना मे एवं मोटाराम बेनीवाल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मालपुरा व आशीष प्रजापत वृत्ताधिकारी वृत्त मालपुरा के निकटतम सुपरविजन मे दिनांक 29-09-2025 को मन थानाधिकारी जतन चौधरी उपनिरीक्षक मय जाप्ता के दौराने गश्त एक डम्पर नम्बर आरजे14-जीक्यू-1299 को नुक्कड चौराहे के पास से बिना परमिट रवन्ना के अवैध चैजा पत्थर परिवहन करते हुये पाये जाने पर डम्पर नम्बर आरजे14-जीक्यू-1299 को मय अवैध भरे हुये पत्थर के जब्त कर वाहन चालक रमेशचन्द सैनी पुत्र रामस्वरूप सैनी जाति माली उम्र 38 साल निवासी सोयला थाना मेहन्दवास जिला टोंक को गिरफ्तार कर अन्तर्गत धारा 303(2) बीएनएस व 4/21 एमएमडीआर एक्ट मे प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। उक्त अभियान की पालना मे निरन्तर कार्यवाही जारी है।

# ओउमाश्रय सेवा धाम में उत्साह और स्नेह का माहौल

द डेस्प्रिंग



**जयपुर।** ओउमाश्रय सेवा धाम में सोमवार को अनेक अवसरों पर उल्लास और सौहार्द का वातावरण देखने को मिला। ओउमाश्रय के संस्थापक संरक्षक सदस्य स्व. वीं. एल. गुप्ता के पुत्र एवं आजीवन सदस्य राजेश गुप्ता को 42 वर्ष की राजकीय सेवा पूर्ण करने के उपलक्ष्य में शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिए गए। संस्था की ओर से सभी ने ईश्वर से उनके स्वस्थ, प्रसन्न और आनंदमय जीवन की प्रार्थना की। उनकी भावनाओं के अनुरूप वीडियो संदेश भी साझा किया गया।

इसी क्रम में भरतपुर के समीप वयाना ग्राम निवासी 80 वर्षीय प्रेमचंद शर्मा ने सेवा धाम का दौरा किया। उन्होंने यहाँ के सभी प्रकल्प देखे, प्रसादी भोजन ग्रहण किया तथा स्वागत पेय गाय माता की छाछ का आनंद लिया। उनके मन में यहीं निवास करने की भावना भी जागृत होती दिखाई दी। वहीं, आज वारिश के कारण अधिकांश प्रभुजन बाहर नहीं निकल सके, लेकिन भीतर ही संगीत और उत्साह के साथ समय बिताते हुए मस्ती में झूमते रहे।

# सशक्त नारी, सुरक्षित कलः बरेली में मिशन शक्ति फेज-5 ने दिया जागरूकता और अधिकारों का पाठ



द डेस्प्रिंग

**(अनुभव मोहन सक्सेना ब्यूरो बरेली)।** बरेली। उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वकांक्षी मिशन शक्ति अभियान के पाँचवे चरण (फेज-5) के अंतर्गत, बरेली में महिलाओं, छात्राओं और एनसीसी कैडेट्स के सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रभावी पहल की गई। शहर के सार्वजनिक स्थलों, मंदिरों, चौराहों और साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय में विशेष बैठकों का आयोजन कर महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया।

#### सुरक्षा और आपातकालीन सहायता पर विशेष ज़ोर

अभियान के दौरान, महिलाओं और बालिकाओं को उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु यातायात के नियम और विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर की विस्तृत जानकारी दी गई, ताकि वे किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें।

**सेवा हेल्पलाइन नंबर**
**वूमेन पावर लाइन** 1090
**पुलिस आपातकालीन सेवा** 112
**महिला हेल्पलाइन** 181
**चाइल्ड लाइन** 1098
**साइबर क्राइम हेल्प लाइन** 1930

**सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी –** जागरूकता कार्यक्रमों में सरकार की प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं, जैसे विधवा पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, उज्ज्वला योजना और मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की जानकारी दी गई, ताकि महिलाएं इन योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बन सकें।

**महिला पुलिस टीम की सक्रिय भूमिका –** इस सफल आयोजन में महिला पुलिस टीम की सक्रिय भागीदारी रही। महिला उप निरीक्षक पुष्पांजलि सिसोदिया, महिला हेड कांस्टेबल बीनू तोमर सहित अन्य सदस्यों ने उपस्थित महिलाओं से सीधा संवाद कर उन्हें उनके अधिकारों और सरकारी सहायता के प्रति जागरूक किया। यह अभियान महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने तथा उन्हें एक सुरक्षित भविष्य प्रदान करने की दिशा में बरेली प्रशासन का एक सराहनीय कदम है।

## लखा हादसा मामला प्रशासन ने मान ली सभी मांगें, धरना हुआ समाप्त, शिव विधायक भाटी ने जताई संतुष्टि

द डेस्प्रिंग





**जैसलमेर-रमेश प्रजापत ।** लखा ग्राम निवासी वीरम सिंह राजपुरोहित के साथ हाई टेंशन लाइन कंपनी की कथित लापरवाही के चलते हुई दर्दनाक दुर्घटना के बाद, पिछले कई दिनों से लखा में चल रहा धरना मंगलवार को प्रशासन और ग्रामीणों की संयुक्त पहल से समाप्त हो गया। प्रशासन ने पीड़ित परिवार एवं ग्रामीणों द्वारा गठित कमेटी की सभी मांगों को स्वीकार कर लिया है, जिसके बाद पीड़ित परिवारजनों और ग्रामीण समुदाय ने धरना समाप्त करने का निर्णय लिया। इस घटना को लेकर क्षेत्र में गहरी नाराज़गी और आक्रोश व्याप्त था। ग्रामीणों का आरोप था कि हाई टेंशन लाइन कंपनी की लापरवाही और सुरक्षा मानकों की अनदेखी के कारण यह गंभीर हादसा हुआ, जिसकी जिम्मेदारी कंपनी को उठानी चाहिए। घटना के बाद से ही पीड़ित परिवार और ग्रामीण न्याय की मांग को लेकर धरनास्थल पर डटे हुए थे। धरने में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। धरना स्थल पर शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी लगातार पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़े रहे। न केवल उन्होंने परिवार का मनोबल बढ़ाया, बल्कि पिछले दो दिनों से रात्रि विश्राम भी धरना स्थल पर ही कर रहे थे। मंगलवार को जब प्रशासनिक अधिकारियों और पीड़ित परिवार द्वारा गठित कमेटी के बीच वार्ता हुई, तब प्रशासन ने सभी मांगों को स्वीकार कर लिया। वार्ता के सफल निष्कर्ष पर विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने कहा कि, यदि पीड़ित परिवारजन एवं कमेटी के प्रतिनिधि प्रशासन की कार्यवाही से संतुष्ट हैं, तो यह हमारे लिए प्रसन्नता का विषय है। इस संघर्ष का उद्देश्य परिवार को न्याय दिलाना था और आज यह उद्देश्य पूर्ण हुआ है।÷ उन्होंने आगे कहा कि यह आंदोलन केवल एक परिवार का नहीं था, बल्कि पूरे समाज का था, और 36 कौम के सामूहिक योगदान से ही यह संघर्ष सफल हो पाया है। भाटी ने इस अवसर पर सभी ग्रामीणों, समाज के प्रतिनिधियों और आंदोलन में सहयोग करने वाले हर व्यक्ति का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समाज की एकता और सामूहिक शक्ति ने प्रशासन को इस मुद्दे पर गंभीरता से कदम उठाने के लिए बाध्य किया। उन्होंने पीड़ित परिवार को भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी वह हर सुख-दुःख में उनके साथ खड़े रहेंगे। गौरतलब है कि लखा निवासी वीरम सिंह राजपुरोहित के साथ हुई दुर्घटना ने पूरे क्षेत्र में चिंता और असंतोष की लहर पैदा कर दी थी। ग्रामीण लगातार यह मांग कर रहे थे कि दोषी कंपनी पर सख्त कार्रवाई की जाए और पीड़ित परिवार को न्याय मिले। अब जबकि प्रशासन ने सभी मांगों को स्वीकार कर लिया है, ग्रामीणों में संतोष का माहौल है।

# बरेली बवाल के एक आरोपी का एनकाउंटरः पैर में गोली मारकर पकड़ा; तौकीर रजा का दामाद भी गिरफ्तार, गैराज पर चला बुलडोजर

द डेस्प्रिंग



**(अनुभव मोहन सक्सेना ब्यूरो बरेली)।** बरेली में हुए हालिया बवाल के बाद पुलिस और प्रशासन का कड़ा रुख जारी है। उपद्रवियों पर लगातार सख्त कार्रवाई हो रही है, जिसके तहत मंगलवार को पुलिस ने एक आरोपी ताजीम का एनकाउंटर कर दिया। मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने ताजीम के पैर में गोली मारकर उसे गिरफ्तार कर लिया।

**तौकीर रजा के करीबियों पर बड़ा एक्शन –** पुलिस ने इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा के दामाद मोहसिन रजा को भी गिरफ्तार किया है। मोहसिन, तौकीर रजा के बड़े भाई मन्नानी मियां का दामाद है। मन्नानी मियां का दूसरा दामाद, समाजवादी पार्टी (सपा) से पार्षद ओमान रजा भी बवाल का आरोपी है और फिलहाल फरार है।

**मोहसिन रजा के गैराज पर चला बुलडोजर –** प्रशासनिक और नगर निगम की टीम ने भारी पुलिस बल और आरएएफ के साथ मोहसिन रजा के घर के पास बने उसके गैराज को ध्वस्त कर दिया। प्रशासन का कहना है कि यह गैराज नगर निगम और नाले की जमीन पर अवैध कब्ज़ा करके बनाया गया था, जो पिछले 20 साल से था। मोहसिन रजा ने इस कार्रवाई का विरोध करते हुए पुलिस के साथ धक्का-मुक्की की, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। मोहसिन का रिसॉर्ट भी सील कर दिया गया है। इसके अलावा, तौकीर रजा के करीबी हाजी शराफत खान के नरियावल स्थित हमसफर पैलेस (मैरिज लॉन) को भी सील कर दिया गया है।

**सीएम योगी सख्त, अब तक 62 लोग गिरफ्तार –** इस मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी सख्त रुख अपनाया है। बरेली बवाल के मास्टरमाइंड बताए जा रहे मौलाना तौकीर रजा, डॉ. नफीस और नदीम समेत पुलिस ने अब तक कुल 62 लोगों को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को आईएमसी जिलाध्यक्ष शमशाद को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। पुलिस के मुताबिक, तौकीर रजा के करीबियों की 150 करोड़ रुपए की संपत्ति अब तक जब्त की जा चुकी है।

**कानून से बड़ा कोई नहीं" प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर –** बरेली के प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर ने इस कार्रवाई पर कहा कि कानून से बड़ा कोई नहीं है और उपद्रवियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने साफ कहा कि अराजकता, अवैध कब्जा या नक्शे में हेर-फेर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जहां भी अनियमितता पाई जाएगी, वहां बुलडोजर समेत कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जनता से अपील की कि वे किसी भी समस्या के समाधान के लिए प्रशासन या न्यायालय का सहारा लें, कानून को हाथ में न लें। मंत्री ने पुलिस की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि जनता का पुलिस पर विश्वास बढ़ा है।

# कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा पहुंचे रामलीला में

### कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा का रामलीला कमेटी के पदाधिकारीयो स्वागत किया

### लंका दहन का मंचन देख दर्शकों ने लगाए जय श्रीराम के जयकारे



**सितारगंज दीपक भारद्वाज ।** श्रीराम लीला मैदान में वृंदावन से आएं कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया जा रहा हैं। वही उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा चल रही रामलीला में पहुंचे उनका जोरदार रामलीला पदाधिकारी ने स्वागत किया कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा श्री राम पूरी दुनिया के लिए आदर्श हैं और हम सभी के जीवन का उत्थान करते हैं हमें उनके बताए रास्तों पर चलना चाहिए भगवान श्री राम जैसा त्याग और माता सीता जैसा संयम आज के समय में बहुत जरूरी है इस दौरान भारी संख्या में पहुंचे लोगों ने रावण की लंका दहन का मंचन देखा। रावण जब हनुमान जी की पूंछ में आग लगा देते हैं तो हनुमान जी रावण की सोने की लंका को जलाकर उसका अहंकार तोड़ देते हैं। यह दृश्य देखकर रामलीला आयोजन स्थल पर मौजूद लोग हनुमान जी व जय श्री राम के जयकारे लगाते हैं। जब राम जी की सेना समुंद्र के किनारे पहुंच जाती है तो प्रभु श्री राम हनुमान जी को रावण को अंतिम चेतावनी व सीता जी का हाल जानने के लिए भेजते हैं, जब हनुमान जी समुंद्र के ऊपर से जा रहे होते हैं तो आगे बढ़ने पर सुरसा हनुमानजी का रास्ता रोक लेती है। रामकाज पूर्ण करने का आशीर्वाद देती है। लंका में प्रवेश करते ही सुरक्षा में तैनात लंकिनी उनका रास्ता रोकती है। उनके घूंसे के एक वार से ही लंकिनी मुख से खून उगल देती है। कुटिया से राम-राम की आवाज सुन हनुमान अंदर जाते हैं और सामने विभीषण को पाते हैं। ब्राह्मण वेष हनुमान का परिचय पाते ही विभीषण प्रणाम करते हैं और माता सीता का पता बताते हैं। अशोक वाटिका पहुंचे हनुमान सीता पर रावण द्वारा किए जा रहे अत्याचार से व्यथित हो जाते हैं। इसके बाद खाना खाने के समय उत्पात मचाने के चलते जब हनुमान जी को रावण दरबार में लाया जाता है तो अहंकारी रावण हनुमान जी की पूंछ में आग लगाने का आदेश देता है। लेकिन पल भर में हनुमान जी रावण की लंका को जलाकर राख करते हैं। कार्यक्रम का संचालन स्टेज सेक्रेटरी एडवोकेट अमित रस्तोगी ने किया यहां रामलीला कमेटी के अध्यक्ष राकेश त्यागी, कोषाध्यक्ष संदीप गुप्ता, महामंत्री भीमसेन गर्ग, उपाध्यक्ष पवन अग्रवाल, एमपी तिवारी, राजेंद्र सिंह चौहान, अमित रस्तोगी, शिवपाल सिंह चौहान, सुरेश जैन, पवन अग्रवाल, भगवान सिंह भंडारी, अभिषेक जैन, दीपचंद्र कौशल, बंटी कौशल, मनोज अरोरा,, नरेश ठाकुर, सत्येंद्र दिवाकर, महिपाल सिंह चौहान मौजूद रहे।

## मंत्री सौरभ बहुगुणा ने काशी कृष्ण नित्यानंद सेवाश्रम समिति को 10 लाख रुपये का चेक भेंट किया

द डेस्प्रिंग



**शक्तिफार्म।** कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने गांव अरविंदनगर स्थित काशी कृष्ण नित्यानंद सेवाश्रम समिति को 10 लाख रुपये का चेक भेंट किया। उन्होंने कहा कि उम्मीद है इन रुपयों की समाज की बेहतरी के लिए खर्च किया जाएगा। सेवाश्रम समिति ने कैबिनेट मंत्री से विद्यालय के विकास व सामाजिक कार्यों के लिए आर्थिक सहायता की मांग की थी। मंगलवार को मंत्री ने समिति पदाधिकारियों को 10 लाख रुपये का चेक भेंट किया। वहीं, मंत्री ने कहा कि लोग कहते हैं कि उन्होंने गांव अरविंदनगर को गोद लिया है पर हकीकत यह है कि शक्तिफार्म और सितारगंज की जनता ने उन्हें व उनके परिवार को गोद लिया है। उन्होंने कहा कि उनके पिता विजय बहुगुणा का सपना है कि सितारगंज को आगे बढ़ाया जाए। इसे उत्तराखंड की टॉप तीन विस क्षेत्र में बनाई जाए, लेकिन इन सपनों को पूरा करने का मौका, उन्हें यहां की जनता ने दिया। इस दौरान उन्होंने लोगों को पिछले सालों में हुए करोड़ों रुपयों के विकास कार्यों को गिनाया। वहां कैबिनेट मंत्री पत्नी सुमेधा बहुगुणा, समिति के अध्यक्ष विधान चंद्र मित्रा, सचिव रवींद्र हीरा, संचालक रंजीत ब्रह्मचारी मौजूद रहे।

## पल्लू मेले में व्यवस्था बनाने एवं कडी से कडी सुरक्षा उपलब्ध करवाने को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड में अपनी ड्यूटी निभाई

### मेले में कुशल प्रबन्धन को लेकर थानाधिकारी विजेन्द्र शर्मा का हुआ सम्मान

**हनुमानगढ़ ( विनोद चौधरी) ।** पल्लू मेले में उत्कृष्ट प्रबंधन हेतु थानाधिकारी विजेंद्र शर्मा सम्मानित किया गया।हाल ही में संपन्न हुए प्रसिद्ध पल्लू मेले में असाधारण व्यवस्था और कुशल प्रबंधन के लिए स्थानीय थानाधिकारी विजेंद्र शर्मा को सम्मानित किया गया है। मां



ब्रह्माणी के पावन धाम में आयोजित इस विशाल मेले के सफल आयोजन में उनकी भूमिका की व्यापक सराहना की जा रही है।मेले के दौरान लाखों की संख्या में श्रद्धालु अपनी आस्था लेकर पल्लू धाम पहुंचते हैं। इतनी बड़ी भीड़ के प्रबंधन और सुरक्षा को सुनिश्चित करना प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती होती है। इस वर्ष, थानाधिकारी श्री विजेंद्र शर्मा के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड में रहा। श्री शर्मा ने मेले की सुरक्षा व्यवस्था को ÷कड़ी से कड़ी÷ जोड़ने की एक सुदृढ़ योजना तैयार की और उसे सफलतापूर्वक लागू किया। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती, यातायात का सुगम संचालन, और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए किए गए अग्रिम उपायों के कारण पूरा मेला शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ।उनके इन्हीं प्रयासों को मान्यता देते हुए, प्रशासन और मेला समिति ने श्री विजेंद्र शर्मा को उनके उत्कृष्ट नेतृत्व और कुशल प्रबंधन के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि उनके समर्पण और व्यावसायिकता के कारण ही श्रद्धालु एक सुरक्षित और सहज वातावरण में मेले का आनंद ले सके।इस सम्मान के बाद, श्री शर्मा ने अपनी पूरी टीम को धन्यवाद दिया और कहा कि यह सफलता सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। ÷जय मां ब्रह्माणी पल्लू धाम÷ के जयकारों के बीच मेले का सफल आयोजन क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## जिले में आज से धान खरीद शुरू

### शासन द्वारा इस वर्ष धान के समर्थन मूल्य में 69 रुपये की बढ़ोतरी की गई है,

द डेस्प्रिंग

**सितारगंज/दीपक भारद्वाज ।** रुद्रपुर जिले में आज से धान खरीद शुरू हो जाएगी। इसके लिए जिले के सातों विकासखंडों में कुल 254 धान क्रय केंद्रों की स्थापना की जा चुकी है। शासन द्वारा इस वर्ष धान के समर्थन मूल्य में 69 रुपये की बढ़ोतरी की गई है, हालांकि खाद्य विभाग की ओर से अब तक धान खरीद का लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया है। शासन ने इस बार सामान्य धान का मूल्य 2300 रुपये से बढ़ाकर 2369 रुपये प्रति कुंतल और ग्रेड-1 धान का मूल्य 2320 रुपये से बढ़ाकर 2389 रुपये प्रति कुंतल कर दिया है। जिसमें खाद्य विभाग के 27, यूसीएफ के 178, एनसीसीएफ के 13 और उत्तराखंड उपभोक्ता सहकारी संघ के 11 क्रय केंद्र जिलेभर में संचालित होंगे। पीसीओ के 25 अन्य क्रय केंद्र स्थापित किए गए। ब्लॉकवार क्रय केंद्रों की संख्या जसपुर में 20, काशीपुर में 16, बाजपुर में 21, गदरपुर में 13, रुद्रपुर में 30 सितारगंज में 56 और खटीमा में 73 धान क्रय केन्द्र स्थापित किए गए। जिला सहायक निबंधक सहकारिता विभाग हरीश चंद्र खंडूड़ी ने बताया कि जिसमें एक अक्तूबर से धान खरीद होगी।

## धान खरीद में किसी तरह की न हो लापरवाही : एसडीएम

### किसानों से नमी के मानकों का ध्यान रखें और धान उचित तरीके से सूखाकर ही केंद्रों पर लाएं

द डेस्प्रिंग

**सितारगंज / दीपक भारद्वाज ।** एसडीएम ने धान खरीद को लेकर केंद्र प्रभारियों और किसानों, राइस मिलरों को लेकर बैठक की। उन्होंने कहा कि धान खरीद में किसानों को किसी भी परेशानी न हो। केंद्र पर सभी व्यवस्था पूरी कर ली जाएं। मंगलवार को बैठक में एसडीएम रविन्द्र कुमार जुवांठा ने केंद्र प्रभारियों को कहा कि एक अक्टूबर से क्षेत्र के 20 केंद्रों पर धान खरीद शुरू हो जाएगी। इसलिए आज सभी केंद्रों पर आज ही सभी व्यवस्था पूरी कर ली जाए। केंद्रों पर कांटे और बरदाना, पीने के पानी आदि की व्यवस्था रखी कि जाए। एसडीएम ने राइस मिलरों से कहा कि धान खरीद के बाद उसके भंडारण और चावल की कुटाई आदि में अनावश्यक देरी न करें। उन्होंने कहा कि किसानों को समय से भुगतान किया जाएगा। किसानों को किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं होने दी जाएगी। कहा कि केंद्रों पर सभी व्यवस्थाएं की जाएंगी।



उन्होंने किसानों से नमी के मानकों का ध्यान रखें और धान उचित तरीके से सूखाकर ही केंद्रों पर लाएं, जिससे परेशानी न हो। उन्होंने कहा को किसानों को धान बेचने के लिए रजिस्ट्रेशन और टोकन प्राप्त के लें। इस दौरान मंडी सचिव विनोद चन्द्र पलड़िया, एसएमआई विनय चौधरी, एमआई ललित मोहन ओली, एडीओ ललिता राणा, राइस मिलर एसोसिएशन के अध्यक्ष सौरभ सिंघल, विनोद अग्रवाल, मुकेश गर्ग, किसान नेता व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नवतेज पाल, जसवंत सिंह जस्सा, डॉ जगदेव सिंह रणधीर बल, अनिरुद्ध राय, आदि उपस्थित रहे !

## ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र में सजी चैतन्य देवियों की झांकी

द डेस्प्रिंग

**सुजानगढ़।** ब्रह्मा कुमारीज लुहारा गाड़ा सेवा केंद्र पर आयोजित तीन दिवसीय चैतन्य देवियों की झांकियों का आयोजन किया गया।मंगलवार को देवियों की झांकी सजाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ गांधी आश्रम के अध्यक्ष सुभाष वेदी, केंद्र संचालिका बीके सुप्रभा, गणेश मल सोमानी, रामकिशन जांगिड़ सीताराम शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलन किया !बीके सुप्रभा ने दुर्गा के अष्टभुजा के बारे में बताते हुए कहा अष्टभुजा अष्ट शक्तियों का प्रतीक है जेसे समाने की शक्ति, सहन-शक्ति, समेटने की शक्ति, सामना करने की शक्ति, परखने की शक्ति, निर्णय करने की शक्ति, सहयोग करने की शक्ति और विस्तार को संकीर्ण करने की शक्ति या विस्तार को सार



में लाने की शक्ति। जो हम सब के अंदर है उन शक्तियों को हमें सहज राजयोग के द्वारा कर्म में लाना है। और सर्व शक्तियों के स्रोत परमपिता परमात्मा शिव के साथ योग लगाकर उसे बढ़ाना है ! समाजसेवी सुभाष बेदी ने चैतन्य देवी दर्शन झांकी को एक अद्भुत बताते ब्रह्माकुमारी के कार्य की सराहना की। चैतन्य देवी के सामने उपस्थित सभी ने डांडिया नृत्य किया।

## मंडावर थाने में सीएलजी बैठक: शांति, सुरक्षा और नशामुक्त समाज पर हुआ गहन मंथन

द डेस्प्रिंग

**मनोज खंडेलवाल / मंडावर।** आगामी त्यौहारों को शांति और भाईचारे के माहौल में संपन्न कराने तथा थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और जनसहभागिता को सशक्त बनाने के उद्देश्य से मंडावर पुलिस थाने में सीएलजी बैठक आयोजित हुई। थानाधिकारी सत्यनारायण बसवाल की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कानून-व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, साइबर अपराधों की रोकथाम और नशामुक्त समाज जैसे अहम मुद्दों पर खुलकर चर्चा हुई।

थानाधिकारी बसवाल ने साफ शब्दों में कहा– त्योहारों पर शांति बनाए रखना पुलिस की ही नहीं, हर नागरिक की जिम्मेदारी है। कानून का पालन करना सबका कर्तव्य है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने सीएलजी सदस्यों से अपराध नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के सुझाव लिए और भरोसा



दिलाया कि पुलिस हर स्तर पर पूरी तत्परता से कार्य करेगी। शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को देखते हुए यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग सामने आई, जिस पर थानाधिकारी ने कहा– ÷यातायात नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। सड़क सुरक्षा से किसी को खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा। बैठक में साइबर अपराधों से बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी गई और लोगों से अपील की गई कि किसी भी ऑनलाइन धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत साइबर हेल्पलाइन की सहायता लें। वहीं दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट के महत्व से अवगत कराते हुए थानाधिकारी ने कहा– ÷हेलमेट केवल चालान से बचने का साधन नहीं है, यह परिवार तक सुरक्षित पहुंचने की गारंटी है। बच्चों से जुड़े अपराधों पर भी गंभीर मंथन हुआ और समाज को ऐसे मामलों में अधिक सतर्क रहने की नसीहत दी गई। साथ ही नशे की रोकथाम को लेकर ठोस कदम उठाने पर जोर दिया गया। थानाधिकारी ने इस दौरान कहा– ÷नशा समाज को खोखला करता है, इसे जड़ से समाप्त करने के लिए पुलिस और समाज दोनों को मिलकर लड़ाई लड़नी होगी। बैठक में रामें मास्टर, राजेश शर्मा, जमशेद खांन, विष्णु शर्मा, नरेश खंडेलवाल,इन्द्र सैनी,वीरू गोयल, भंवरसिंह बना सहित अनेक प्रबुद्ध नागरिक और सीएलजी सदस्य मौजूद रहे।

## शारीरिक शिक्षक भाटी के सेवानिवृत्त समारोह पर ग्रामीणों ने मोटरसाइकिल व ए.सी. भेट कर दी भावभीनी विदाई

द डेस्प्रिंग

**जैसलमेर -रमेश प्रजापत ।** जिले की ग्राम पंचायत पारेवर मुख्यालय पर स्थित शहीद वीर बहादुर सिंह राठौड़ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पारेवर में कार्यरत शारीरिक शिक्षक नोख निवासी लक्ष्मणसिंह भाटी के सेवानिवृत्ति समारोह का आयोजन विद्यालय परिसर में किया गया। इस अवसर पर गांव के भामाशाहों द्वारा एक मोटर साइकिल तथा पूर्व ब्लॉक मेंबर कानसिंह भाटी द्वारा एक ए. सी. भेंट कर भावभीनी विदाई दी गई द्य सेवानिवृत्ति समारोह कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य अमराराम लउवा के साथ अर्जुनसिंह भाटी , हरिसिंह राठौड़ हमीरा , सेवानिवृत्त अध्यापक शिवदानाराम राठौड़ , चांदनाराम सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए द्य भीम आर्मी के जिला मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र राठौड़ ने बताया कि शारीरिक शिक्षक लक्ष्मणसिंह भाटी शहीद वीर बहादुर सिंह राठौड़ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पारेवर में निरन्तर 27 वर्षों तक अपनी




बेदाग छवि और गांव के प्रति समर्पित भाव से सेवा देने के उपलक्ष में, इस स्वर्णिम कार्यकाल में अपने पुरुषार्थ से खेल जगत और विद्यार्थी हित में अनेकों कीर्तिमान रचे द्य इनके अथक प्रयासों से खो खो में चार छात्रों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन के साथ राज्य स्तर पर 151 छात्रों सहित ग्यारह छात्राओं का चयन हुआ राज्य स्तर पर 5 छात्रों का एथेलेटिक्स और क्रिकेट में चयन, राज्य स्तर पर 1 छात्रा का कुश्ती में चयन एवं लगभग 1100 से अधिक सघन वृक्षारोपण किया । विद्यालय को स्वस्थ और सुंदर बनाने हेतु कई विस्तार कार्य करवाए शारीरिक शिक्षक लक्ष्मणसिंह भाटी ने ग्राम पंचायत पारेवर के प्रतियोगी युवाओं को व्यक्तिगत रूप से मार्गदर्शित और निर्देशित कर सफलता के शिखर तक पहुंचाया। सेवानिवृत्त शारीरिक शिक्षक लक्ष्मणसिंह भाटी ने अपने उद्बोधन में ग्रामीणों का आभार जताते हुए बताया कि ग्रामीणों के स्नेह व आशीर्वाद से मैने इस विद्यालय में विगत कई वर्षो से निरंतर सेवाएं दी है भविष्य में भी विद्यालय परिवार को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करता रहूंगा द्य इसी अवसर पर विद्यालय को टेबल टेनिस देने की घोषणा की गई। कार्यक्रम में शैतानसिंह भाटी, राउमावि कबीर बस्ती में कार्यरत वरिष्ठ अध्यापक गुणेशाराम , पुस्तकालय प्रभारी रावताराम, पवनकुमार बेनीवाल,अध्यापिका कमला लोहिया, डावराराम बालोच , पंचायत सहायक प्रभुराम के साथ पीईईओ पारेवर के अधीन निजी व सरकारी विद्यालयों के कर्मचारी , जनप्रतिनिधि , मातृशक्ति , युवाओं के साथ कई ग्रामीण मौजूद रहे ।

## जाट महासभा प्रदेशाध्यक्ष मील का स्वागत



द डेस्प्रिंग

**सुजानगढ़।** मेगा हाइवे पर गनौड़ा चौराहे स्थित गुलेरिया होटल पर राजस्थान जाट महासभा प्रदेशाध्यक्ष राजाराम मील का स्वागत अभिनन्दन किया गया ।इस अवसर पर तिलोकचंद दुधवाल, रामनिवास पिलानियां, ताराचंद सारण, पुर्व सुजला कालेज छात्रसंघ अध्यक्ष आनंद पिलानिया , मालाराम बिशु, धनराज रणंवा, पीथाराम ज्याणी, पुर्व पार्षद मदन भारी , बाबुलाल गुलेरिया, भागीरथ गुलेरिया, रामुराम स्वामी , पंकज चौधरी ने माला पहनाकर मील का स्वागत किया गया । इस दौरान मील ने सामाजिक एकता व सद्भावना का संदेश दिया।

## धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

द डेस्प्रिंग



**सुजानगढ़।** पुलिस अधीक्षक चूरू जय यादव के निर्देश पर कोतवाली थाने के सीआई बेगाराम मीणा ने धोखाधड़ी करने के आरोपी सूरजपाल उर्फ सुरजाराम जाट पुत्र रामनिवास जाट 26 वर्षीय युवक को पावटा की ढाणी जिला डीडवाना से गिरफ्तार किया।डीएसपी दरजा राम बोस ने बताया कि परिवादी सदाम कायमखानी होलिधोरा निवासी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी उसने स्वीफ्ट कार आरजे 21 सीसी 6522 को रिश्तेदार को दी थी उन्होंने वापिस लौटाने के लिये सुरजाराम को भेजा था,मगर वह कार लेकर नही आया,जिस पर सीआई मीणा ने पोखरमल एचसी के नेतृत्व में टीम गठित कर संभावित स्थानों पर दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर कार भी जब्त कर ली।डीएसपी ने बताया कि आरोपी पर डीडवाना थाने में विभिन्न मामलों व प्रकरणों में मामला दर्ज है।पुलिस की उक्त कारवाई में कांस्टेबल विजयकुमार व सुशील कुमार भी शामिल रहे।

## जोधपुर में पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव, हनुमानगढ़ के उद्यमियों को मिलेगा सुनहरा मौका

द डेस्प्रिंग

**हनुमानगढ़ (विनोद चौधरी) ।** उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र तथा लघु उद्योग भारती के संयुक्त तत्वावधान में पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव-2026 का आयोजन 25 दिसंबर, 2025 से 4 जनवरी, 2026 तक जोधपुर के रावण का चबूतरा मैदान में किया जाएगा। वर्ष 1991 से निरंतर आयोजित हो रहा यह उत्सव देशभर के शिल्पकारों, उद्यमियों और उद्योग जगत के लिए एक विश्वसनीय मंच बन चुका है। हर साल यहां 600 से अधिक स्टॉल सजते हैं और 10 लाख से ज्यादा आगंतुकों की उपस्थिति से यह मेला पश्चिम भारत के प्रमुख आयोजनों में गिना जाता है।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' थीम के साथ होगा आयोजन

इस वर्ष मेले की थीम ऑपरेशन सिंदूर रखी गई है, जो राष्ट्र की आत्मनिर्भरता और नवाचार की भावना को रेखांकित करेगी। आयोजन में ओडीओपी (वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट) पवेलियन विशेष आकर्षण रहेगा, जहां राजस्थान के सभी जिलों के सर्वश्रेष्ठ एवं प्रतिष्ठित उत्पादों को प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा। हनुमानगढ़ जिले की ओडीओपी इकाइयों के लिए यह मेला अपने उत्पादों की मार्केटिंग और नए बाजारों तक पहुंच बनाने का बड़ा अवसर लेकर आ रहा है।

### उद्यमियों को मिलेगी वित्तीय सहायता

हनुमानगढ़ जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र महाप्रबंधक श्री आकाशदीप सिद्धू ने बताया कि राजस्थान की एक जिला-एक उत्पाद नीति 2024 के अंतर्गत राज्य से बाहर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मेलों/प्रदर्शनियों में भाग लेने वाले उद्यमियों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। नीति के तहत एक वित्तीय वर्ष में अधिकतम दो बार स्टॉल किराये का 75 प्रतिशत या अधिकतम 1.50 लाख रुपये तक अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही, दो व्यक्तियों को बस या एसी क्लास का वास्तविक किराया भी प्रतिपूर्ति किया जाएगा।

### स्टॉल बुकिंग व जानकारी के लिए संपर्क करें

आयोजन से जुड़ी स्टॉल बुकिंग और विस्तृत जानकारी जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, हनुमानगढ़ से प्राप्त की जा सकती है। महाप्रबंधक श्रीमती आकाशदीप सिद्ध ने जिले के उद्यमियों और शिल्पकारों से अपील की है कि वे इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं और अपने उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाए।

## नगदी व जेवरात चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार

द डेस्प्रिंग



**सुजानगढ़।** दो सितम्बर को जवाहर सिंह निवासी वार्ड नं 55 के घर से रात्रि में ताले तोड़कर नगदी व जेवर चुराकर ले गए आरोपी मो.सोयल पुत्र चांद मो. बिसायती 23 वर्षीय युवक को गिरफ्तार कर अन्य मामलों में भी पुलिस पूछताछ कर रही है।डीएसपी दरजाराम बोस ने बताया कि सीआई बेगाराम मीणा के निर्देशन में सीसीटीवी फुटेज व कॉल डिटेल के आधार पर आरोपी की तलाश एचसी भंवरलाल के नेतृत्व में की गई,और आरोपी को संभावित स्थानों पर दबिश देकर गिरफ्तार किया गया।पुलिस की उक्त कारवाई में एचसी रमेश कुमार व कांस्टेबल विक्रम का सहयोग रहा।

## सेवा पंखवाड़ा 2025: जिले में दिव्यांगजनों को श्रवण यंत्र, ट्राइसाइकिल और व्हीलचेयर सहित सहायक उपकरण वितरित

द डेस्प्रिंग

**हनुमानगढ़ (विनोद चौधरी)** सेवा पंखवाड़ा 2025 के तहत मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 43 दिव्यांगजनों को श्रवण यंत्र, 15 को ट्राइसाइकिल, 5 को व्हीलचेयर और एक दिव्यांगजन को स्मार्ट केन वितरित किए गए। सभी लाभार्थियों ने राज्य सरकार का धन्यवाद ज्ञापित किया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग उपनिदेशक श्री विक्रम सिंह ने सेवा पंखवाड़ा के तहत हुए कार्यक्रम की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. रामप्रताप चौधरी ने राज्य सरकार की मुक्त कंठ से




प्रशंसा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने समाज के प्रत्येक वर्ग को सेवा पंखवाड़े के तहत लाभान्वित किया है। चौधरी ने दिव्यांगजन की सेवा को ईश्वरीय सेवा बताया और कहा कि हमारा उद्देश्य उन्हें सम्मानित नागरिक की अनुभूति दिलाना है। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रमोद डेलू ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने हर वर्ग का ध्यान रखा है और योजनाओं का लाभ ग्रामीण-शहरी सेवा शिविरों के माध्यम से गांव और शहर के हर वार्ड तक पहुंचाया जा रहा है। जिला स्तरीय कार्यक्रम में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी किया गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने 362 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इसके साथ ही 1.87 लाख निर्माण श्रमिकों एवं आश्रितों के खातों में 209 करोड़ रुपए का डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरण किया गया। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री सहित एडीएम उम्मेदी लाल मीणा, जनप्रतिनिधि प्रदीप ऐरी, देवेंद्र पारीक, ओम सोनी, कृष्णा तायल, आशीष पारीक, गुलाब सिंवर तथा हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के जिला अध्यक्ष विकास गुप्ता, गुरु गोविंद सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन बाबूलाल जुनेजा, अश्विनी पारीक, जिला श्रम कल्याण अधिकारी देवेंद्र मोदी, नगर परिषद आयुक्त सुरेंद्र यादव, उद्योग महाप्रबंधक आकाशदीप सिद्धू, जनप्रतिनिधि, विभिन्न समाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और आमजन मौजूद रहे।

# वृद्ध बोझ नहीं, बल्कि संस्कृति, परंपरा और मूल्यों के संरक्षक हैं


ललित गर्ग

**अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस की शुरूआत 1991 में हुई थी और इसका उद्देश्य बढ़ती उम्र की आबादी के अवसरों और चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाना तथा वृद्धजनों के अधिकारों और योगदान को पहचानना है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित इस दिवस पर वृद्धजनों को समर्थन देने वाली प्रणालियों को मजबूत करने का आह्वान किया जाता है और उनके मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य देखभाल के लिए एकीकृत दृष्टिकोण को प्रोत्साहित किया जाता है।**

संयुक्त राष्ट्र संघ ने 1 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के रूप में घोषित किया है। इस दिवस का उद्देश्य वृद्धों के अधिकारों, उनकी गरिमा और उनके योगदान को रेखांकित करना है। यह दिन हमें यह सोचने को विवश करता है कि जीवन के इस अंतिम पड़ाव में, जिसे कभी सम्मान और अनुभव का प्रतीक माना जाता था, आज वह उपेक्षा, अकेलेपन और असुरक्षा का पर्याय क्यों बन गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार वर्ष 2030 तक 60 वर्ष से अधिक आयु के लोग पूरी दुनिया में 1.4 अरब से अधिक हो जाएंगे और 2050 तक यह संख्या दोगुनी होकर लगभग 2.1 अरब तक पहुँच जाएगी। विकसित देशों में वृद्धजन आबादी का चौथाई हिस्सा बन चुके हैं, वहीं विकासशील देशों में भी उनकी संख्या तेजी से बढ़ रही है। लेकिन विडंबना यह है कि इस बढ़ती जनसंख्या के साथ उनकी सुरक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक भागीदारी की चुनौतियां भी बढ़ रही हैं। यूरोप और अमेरिका जैसे देशों में वृद्धजन पेंशन और हेल्थकेयर से तो सुरक्षित हैं, परंतु वहाँ अकेलेपन और मानसिक अवसाद की समस्या विकराल है। एशिया और अफ्रीका में, जहां परिवार व्यवस्था मजबूत मानी जाती थी, अब संयुक्त परिवार टूटने से वृद्धजन आर्थिक व सामाजिक असुरक्षा से जूझ रहे हैं।

अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस की शुरूआत 1991 में हुई थी और इसका उद्देश्य बढ़ती उम्र की आबादी के अवसरों और चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाना तथा वृद्धजनों के अधिकारों और योगदान को पहचानना है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित इस दिवस पर वृद्धजनों को समर्थन देने वाली प्रणालियों को मजबूत करने का आ न किया जाता है और उनके मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य देखभाल के लिए एकीकृत दृष्टिकोण को प्रोत्साहित किया जाता है। समाज में उनके बहुमूल्य योगदान को मान्यता देना, उनके अधिकारों की रक्षा करना, वृद्धजनों को स्वास्थ्य सेवाएं, देखभाल, सामाजिक सहायता प्रदान करने वाली प्रणालियों को मजबूत करना, वृद्धजनों को वैश्विक विकास प्रयासों में शामिल करना और शहरी वातावरण को उनके लिए अधिक समावेशी बनाना आदि इस दिवस को मनाने के उद्देश्य हैं। इस दिवस को मनाते हुए वृद्ध व्यक्तियों की डिजिटल प्रौद्योगिकियों तक समान पहुँच प्रदान करने के महत्व पर जोर देना और यह सुनि त करना कि सभी आयु वर्गों के लिए समानता को बढ़ावा दिया जाए और वृद्ध व्यक्तियों के मानवाधिकारों का पालन हो आदि बातों पर विशेष बल दिया जाता है।

इस दिवस की 2025 की थीम  समावेशी भविष्य के लिए



वृद्धजनों की आवाज को सशक्त बनाना  है, जो वृद्धजनों की आवाज, अनुभव और ज्ञान को पहचानने तथा उनके अनुभवों के आधार पर समावेशी समाजों के निर्माण पर जोर देती है। यह थीम इस बात पर प्रकाश डालती है कि वृद्धजन लचीले और समतामूलक समाज बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्नत एवं आदर्श समाज के निर्माण में वृद्धजनों की आवाज, उनके दृष्टिकोण और अनुभव को विशेष महत्व है। वृद्धावस्था में कठिनाइयां अनेक रूपों में सामने आती हैं। स्वास्थ्य की दृष्टि से हृदय रोग, मधुमेह, जोड़ों के दर्द और डिमेंशिया जैसी बीमारियाँ उन्हें घेरे रहती हैं, परंतु चिकित्सा सुविधाओं तक उनकी पहुंच सीमित है। आर्थिक दृष्टि से पेंशन व सामाजिक सुरक्षा योजनाएं हर वृद्धजन तक नहीं पहुँचतीं और ग्रामीण क्षेत्रों में यह स्थिति और भी दयनीय है। सामाजिक स्तर पर आधुनिक जीवन की दौड़ में वृद्धजन अकेलेपन, उदासी और उपेक्षा से पीड़ित हैं। मानसिक दृष्टि से आत्मसम्मान को ठेस, भूमिका से वंचित होना और बेकारपन का एहसास उन्हें भीतर तक तोड़ देता है।

भारत में वृद्धों की स्थिति अधिक चिन्ताजनक है। जबकि वृद्धजन भारतीय समाज की धरोहर मानी जाती रही हैं, उन्हें अनुभव और ज्ञान का भंडार मानते हैं। इसके बावजूद यदि हम उन्हें उपेक्षित करेंगे तो यह केवल अन्याय ही नहीं, बल्कि सभ्यता एवं संस्कृति की पराजय होगी। वृद्धजन केवल जीवित बोझ नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और मूल्यों के संरक्षक हैं। उनका सम्मान करना न केवल हमारा नैतिक कर्तव्य है बल्कि एक बेहतर, संवेदनशील और संतुलित समाज के निर्माण की अनिवार्यता है। भारत जैसे विकसित देश के नागरिकों की औसत आयु 60 वर्ष से अधिक 65 हो रही है। जीवन प्रत्याशा में वृद्धि के कारण देश में वृद्धजन की संख्या बढ़ रही है, देश में 2011 में 10.38 करोड़ वरिष्ठ नागरिक थे, जिनके 2050 तक बढ़कर 30 करोड़ होने का अनुमान है। अनुमान है, कि 2050 तक हर चौथा भारतीय बुजुर्ग होगा। यह बात भारत के नीति आयोग ने कही है, इसी के कारण बुजुर्गों की समस्याएं बढ़ती जा रही हैं।

भारत में परंपरागत भारतीय परिवार व्यवस्था में वृद्धजनों को सम्मान, सुरक्षा और निर्णय लेने की अहम भूमिका प्राप्त थी। लेकिन आज शहरीकरण, परमाणु परिवार, प्रवास और उपभोक्तावादी सोच ने उनकी भूमिका को हाशिए पर पहुँचा दिया है। परिवार के भीतर उन्हें आर्थिक बोझ समझा जाने लगा है, पीढ़ीगत टकराव और मूल्यों में बदलाव ने दूरी बढ़ा दी है, नौकरी-पेशा बच्चों के व्यस्त जीवन में धैर्य और देखभाल की कमी स्पष्ट हो रही है और संपत्ति तथा अधिकारों को लेकर तनाव आम हो गया है। इसके परिणामस्वरूप वृद्धजन शारीरिक बीमारियों से जूझते हैं, पर पर्याप्त चिकित्सा नहीं मिलती। वे अकेलेपन और मानसिक अवसाद का शिकार होते हैं, उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया से बाहर कर दिया जाता है और कभी-कभी घरेलू हिंसा और संपत्ति विवादों में भी उलझना पड़ता है।

प्रश्न है कि दुनिया में वृद्ध दिवस मनाने की आवश्यकता क्यों हुई? क्यों वृद्धों की उपेक्षा एवं प्रताड़ना की स्थितियां बनी हुई है? चिन्तन का महत्वपूर्ण पक्ष है कि वृद्धों की उपेक्षा के इस गलत प्रवाह को रोके। क्योंकि सोच के गलत प्रवाह ने न केवल वृद्धों का जीवन दुश्वार कर दिया है बल्कि आदमी-आदमी के बीच के भावात्मक फासलों को भी बढ़ा दिया है। वृद्धावस्था जीवन की सांझ है। वस्तुतः वर्तमान के भागदौड़, आपाधापी, अर्थ प्रधानता व नवीन चिन्तन तथा मान्यताओं के युग में जिन अनेक विकृतियों, विसंगतियों व प्रतिकूलताओं ने जन्म लिया है, उन्हीं में से एक है वृद्धों की उपेक्षा। वस्तुतः वृद्धावस्था तो वैसे भी अनेक शारीरिक व्याधियों, मानसिक तनावों और अन्यान्य व्यथाओं भरा जीवन होता है और अगर उस पर परिवार के सदस्य, विशेषतः युवा परिवार के बुजुर्गों/वृद्धों को अपमानित करें, उनका ध्यान न रखें या उन्हें मानसिक संताप पहुँचाएं, तो स्वाभाविक है कि वृद्ध के लिए वृद्धावस्था अभिशाप बन जाती है।

इन समस्याओं का समाधान केवल सरकारी योजनाओं से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए परिवार, समाज और सरकार-सभी स्तरों पर समन्वित प्रयास की आवश्यकता है। परिवार व्यवस्था का पुनर्जीवन जरूरी है, बच्चों में बचपन से ही सेवा, सहानुभूति और सम्मान की भावना विकसित की जाए। सामाजिक सुरक्षा के दायरे का विस्तार हो, पेंशन, स्वास्थ्य बीमा और वृद्धाश्रमों की गुणवत्ता में सुधार किया जाए। स्वास्थ्य सेवाओं में जेरियाट्रिक देखभाल को प्राथमिकता दी जाए, प्रत्येक नगर और गाँव में वृद्धजन के लिए स्वास्थ्य केंद्र स्थापित हों। मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाए, अकेलेपन से लड़ने के लिए सामुदायिक केंद्र, क्लब और वृद्धजन मंच सक्रिय किए जाएँ। वृद्धजनों को डिजिटल तकनीक से जोड़कर उन्हें सामाजिक और पारिवारिक संवाद में सक्रिय बनाया जाए। माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण अधिनियम 2007 का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए और समाज में उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता लाई जाए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जब नया भारत, विकसित भारत और समृद्ध भारत का निर्माण हो रहा है, तब यह आवश्यक है कि इस विकास यात्रा में वृद्धजन उपेक्षित न हों बल्कि उन्हें इसका सक्रिय भागीदार बनाया जाए। न्यूनतम पेंशन की गारंटी दे और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ हर वरिष्ठ नागरिक तक पहुंचाए। साथ ही  डिजिटल इंडिया  और  स्किल इंडिया  जैसी योजनाओं से वृद्धजनों को जोड़ा जाए ताकि वे सामाजिक संवाद और आर्थिक गतिविधियों में सक्रिय बने रहें। वृद्धाश्रमों और डे-केयर सेंटर्स की गुणवत्ता और संख्या बढ़ाई जाए, मानसिक स्वास्थ्य के लिए काउंसलिंग केंद्र स्थापित हों और  सेवा भाव  को बढ़ावा देने वाले राष्ट्रीय अभियान चलाए जाएँ। जब भारत आत्मनिर्भरता और वैश्विक नेतृत्व की ओर बढ़ रहा है, तब उसके अनुभव-संपन्न वृद्धजन राष्ट्र की अमूल्य पूंजी हैं, इसलिए मोदी सरकार को उनके लिए संवेदनशील और समग्र कल्याणकारी नीतियां लागू करनी चाहिए।

(लेखक, पत्रकार, स्तंभकार)

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

## संपादकीय

### एशिया कप में विजयी 'तिलक'

कुछ महीनों पहले विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम ने टी-20 एशिया कप पर कब्जा जमाकर अपनी श्रेष्ठता एक बार फिर साबित कर दी है। यह सही है कि भारत को इस खिताबी जीत के लिए खासा संघर्ष करना पड़ा। पर हमेशा जीत के ही मायने होते हैं, इस लिहाज से देखें पाकिस्तान पर इस चैंपियनशिप में पहली जीत दर्ज करने के बाद भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहना कि दोनों देशों के बीच प्रतिद्वंद्विता रह कहां गई है, काफी हद तक सही लगती है। इसकी वजह भारत की पाकिस्तान पर लगातार आठवीं जीत दर्ज करना है। पिछले कुछ समय से क्रिकेट प्रेमी यह कहने लगे हैं कि भारत-पाकिस्तान मुकाबलों में अब पहले जैसा रोमांच नहीं रहा है। इस सोच की फाइनल मुकाबले ने एकदम से हवा निकाल दी है। इस मुकाबले में आखिरी ओवर फेंके जाने तक यह तय नहीं था कि कौन सी टीम विजेता बनेगी। भारतीय जीत की वजह खिलाड़ियों द्वारा महत्त्वपूर्ण मौकों पर धड़कनों को काबू में रखना है। इस खूबी की वजह से ही भारतीय टीम पाकिस्तान के 12.4 ओवर में एक विकेट पर 113 रन बनाने के बाद उन्हें 146 रनों पर समेंटने में सफल हो गई। वहीं अपने तीन प्रमुख विकेट गिर जाने पर लक्ष्य पाने में सफल हो गई। बात यहां तक भारत-पाक मुकाबलों के रोमांच की है, तो फाइनल देखने के बाद शायद ही कोई रोमांच में कमी आने की बात माने। आईसीसी इन दोनों देशों के मुकाबले के महत्त्व को जानता है, इसलिए ही वह इसका पूरा फायदा उठाने का प्रयास करता है। इस कारण ही भारत और पाकिस्तान को एक ग्रुप में रखकर दोनों के बीच तीन मुकाबले की संभावनाएं बनाई जाती हैं। इसकी वजह अधिक से अधिक कमाई करना होता है। अगर दोनों टीमों को अलग-अलग ग्रुपों में रखा जाता तो तमाम विवादों से बचा जा सकता था। वैसे भी तमाम विवाद खेल भावना को नहीं दशार्ते हैं। सही मायनों में तो खेल को राजनीति से बचाने का प्रयास किया जाना चाहिए। पर इसमें दोनों में से किसी की भी दिलचस्पी नजर नहीं आती है। दोनों टीमों में विवाद पहले भी रहे हैं। पर मैदान के बाहर सबकुछ भुला दिया जाता था। पर पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों के पहलगाम हमले के बाद से इस मामले में सबकुछ बदल गया है। पर इतना जरूर है कि मैदान में खिलाड़ियों के आपस में भिड़ने और कमेंट्री रूम में दोनों देशों के पूर्व क्रिकेटरों के सहज रहना थोड़ा अटपटा जरूर लगता है। इसलिए खेल भावना को बनाए रखना ही खेल के लिए हितकर लगता है।

## चिंतन-मनन

### कृष्ण हैं परम पुरुष

जीव तथा भगवान की स्वाभाविक स्थिति के विषय में अनेक दार्शनिक ऊहापोह में रहते हैं। जो भगवान कृष्ण को परम पुरुष के रूप में जानता है, वह सारी वस्तुओं का ज्ञाता है। अपूर्ण ज्ञाता परम सत्य के विषय में केवल चिन्तन करता जाता है, जबकि पूर्ण ज्ञाता समय का अपव्यय किये बिना सीधे कृष्णभावनामृत में लग जाता है, अर्थात भगवान की भक्ति करने लगता है। सम्पूर्ण भगवद्गीता में पग-पग पर इस तथ्य पर बल दिया गया है। फिर भी भगवद्गीता के ऐसे अनेक क र भाष्यकार हैं, जो परमेर तथा जीव को एक ही मानते हैं। वैदिक ज्ञान श्रुति कहलाता है, जिसका अर्थ है श्रवण करके सीखना। वास्तव में वैदिक सूचना कृष्ण तथा उनके प्रतिनिधियों जैसे अधिकारियों से ग्रहण करनी चाहिए। यहां कृष्ण ने हर वस्तु का अंतर सुन्दर ढंग से बताया है, अतएव इसी स्रोत से सुनना चाहिए। लेकिन केवल सुनना पर्याप्त नहीं है। मनुष्य को चाहिए कि अधिकारियों से समझे। ऐसा नहीं कि केवल शुष्क चिन्तन ही करता रहे। मनुष्य को विनीत भाव से भगवद्गीता से सुनना चाहिए कि सारे जीव सदैव भगवान के अधीन हैं। जो भी इसे समझ लेता है, वही श्रीकृष्ण के कथनानुसार वेदों के प्रयोजन को समझता है, अन्य कोई नहीं समझता।

भजति शब्द अत्यन्त सार्थक है। कई स्थानों पर भजति का संबंध भगवान की सेवा के अर्थ में व्यक्त हुआ है यदि कोई व्यक्ति पूर्ण कृष्णभावनामृत में रत है, अर्थात भगवान की भक्ति करता है, तो यह समझना चाहिए कि उसने सारा वैदिक ज्ञान समझ लिया है। वैष्णव परंपरा में कहा जाता है कि यदि कोई कृष्ण-भक्ति में लगा रहता है, तो उसे भगवान को जानने के लिए किसी अन्य आध्यात्मिक विधि की आवश्यकता नहीं रहती। वह ज्ञान की समस्त प्रारंभिक विधियों को पार कर चुका होता है। लेकिन यदि कोई लाखों जन्मों तक चिन्तन करने पर भी इस लक्ष्य पर नहीं पहुंच पाता कि श्रीकृष्ण ही भगवान हैं और उनकी ही शरण ग्रहण करनी चाहिए, तो उसका अनेक जन्मों का चिन्तन व्यर्थ जाता है।

# अमेरिका की सरकार कंगाली की कगार पर


सनत जैन



पूंजीवादी व्यवस्था अपने चरम पर...

दुनिया की सबसे ताकतवर अर्थव्यवस्था वाली अमेरिकी सरकार कंगाली की कगार पर खड़ी हो गई है। यह स्थिति बजट विवाद या प्रशासनिक असफलता का नहीं है, बल्कि उस पूंजीवादी व्यवस्था की नंगी सच्चाई है, जिसने वहां की आम जनता का आर्थिक शोषण करते हुए कॉर्पोरेट घरानों की तिजोरियां भर दी हैं। आंकड़े बताते हैं, अमेरिकी सरकार दो ट्रिलियन डॉलर के घाटे में चल रही है। संसद में बजट पास न होने की स्थिति में शटडाउन का खतरा मंडराने लगा है। बजट की अनुमति नहीं मिलने पर सरकारी कर्मचारियों को वेतन नहीं मिलेगा। अमेरिका की पूरी अर्थ व्यवस्था ठप्प पड़ जाएगी। सरकार एक तरह से ऑक्सीजन पर निर्भर हो जाएगी। यह कंगाली अचानक नहीं आई है। डोनाल्ड ट्रंप और उनसे पहले की सरकारों ने कॉरपोरेट को लगातार टैक्स छूट, कॉर्पोरेट पर नरमी और जनता पर टैक्स का बोझ डालने वाली नीतियों को बढ़ावा दिया है। नतीजा यह हुआ कि तंबाकू, बैंकिंग, टेक और दवा कंपनियों जैसे सेक्टर में कार्पोरेट 75 से 80 प्रतिशत से ज्यादा का मुनाफा कमा रहे हैं। उत्पादन और खेती से जुडा वर्ग महज 1  8 प्रतिशत पर सिमट गया है। मेहनत करने वाले अमेरिकी नागरिक लगातार पिस रहे हैं। वहीं पूंजीपति वर्ग दिन-दूनी रात-चौगुनी कमाई कर रहा है। सबसे भयावह स्थिति हेल्थकेयर सेक्टर की है। अमेरिका में प्रति व्यक्ति करीब 11 लाख रुपए सालाना स्वास्थ्य पर खर्च होते हैं। जो जर्मनी, फ्रांस या कनाडा जैसे विकसित देशों से 2 से 3 गुना ज्यादा है। बावजूद इसके, जनता को गुणवत्तापूर्ण सुविधा नहीं मिल रही है। 20 से 40 गुना महंगी दवाएं अमेरिका में बिकती हैं। डॉक्टरों की फीस भी अमेरिका मे अन्य देशों की तुलना में सबसे ज्यादा है। अस्पतालों में भर्ती होना या सर्जरी कराना आम नागरिक के लिए बहुत मुश्किल हो गया है। उसे इलाज के लिए कर्ज लेना पड़ रहा है। जिसके कारण वह कर्ज के बोझ से दबा हुआ है। आम आदमी का यही पैसा फार्मा और बीमा कंपनियों की जेब में जा रहा है। जिसके कारण फार्मा और बीमा कंपनियों की कमाई लगातार बढ़ती जा रही है। यह दो सेक्टर अमेरिका की राजनीति को प्रभावित करते हैं। सरकार उनके अनुसार ही नीतियां बनाती है। कॉर्पोरेट का अमेरिका की राजनीति मे गहरा प्रभाव होने से आम आदमी की आर्थिक स्थिति दिन प्रतिदिन खराब होती चली जा रही है।

पूंजीवाद की यह बीमारी अमेरिका को अंदर से खोखला कर रही है। सरकार ने विदेशी सहायता घटाई है। पब्लिक सेक्टर की संपत्तियों को बेच दिया है। स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में सरकार लगातार कटौती कर रही है। इसके बाद भी सरकार का घाटा कम होने के स्थान पर बढ़ता ही जा रहा है। इसकी वजह साफ है, अमेरिका में कॉर्पोरेट के मुनाफे पर कोई अंकुश नहीं है। बैंकिंग सेक्टर 99 प्रतिशत मार्जिन से कमाई कर रहा है। टैक्स बोझ केवल आम नागरिकों पर है। अमेरिका की सरकार कॉरपोरेट को टैक्स छूट के साथ-साथ हर सुविधा दे रही है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आयात पर टैरिफ और अप्रत्यक्ष टैक्स बढ़ाकर जनता की जेब से वसूली कर रहे हैं। वहीं डोनाल्ड ट्रंप की सरकार कार्पोरेट जगत के अरबों  खरबों की कॉर्पोरेट कमाई पर चुप्पी साध रखी है, जिससे अमेरिका की जनता का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। अमेरिका का यह संकट दुनिया के लिए एक बडी चेतावनी है। भारत सहित दुनिया के तमाम देशों को यह समझना होगा। अगर अर्थव्यवस्था को पूरी तरह से बाजार को कॉर्पोरेट के हवाले कर दिया गया तो आम जनता और सरकार का हाल, वही होगा जो आज अमेरिका का हो चुका है। सरकार के ऊपर कर्ज बढ़ता चला जा रहा है। आम लोगों के बजट में कटौती होती जा रही है। महंगाई बड़ी तेजी के साथ बढ़ रही है। कमाई ओर बचत कम होती चली जा रही है। सरकारें कंगाल होती जा रही हैं, और जनता गुलाम होने जैसी स्थिति में पहुंच गई है। पूंजीवाद का यह चरम रूप है, जिसने अमेरिका जैसे देश में लोकतंत्र को खोखला कर दिया है। अमेरिका की संसद मे नीतियां जनता के लिए नहीं, बल्कि कंपनियों के हित के लिए बन रही हैं।

अमेरिका की वर्तमान स्थिति केवल उसकी आंतरिक समस्या नहीं है। वर्तमान स्थिति को देखते हुए कहा जा सकता है, वैश्विक पूंजीवादी मॉडल की असफलता है। वैश्विक व्यापार संधि के माध्यम से पूंजीवाद को अमेरिका से पूरी दुनिया में फैलाने की कोशिश की गई थी। वह अपने वीभत्स रूप में अमेरिका में ही देखने को मिल रही है। सवाल यह है, चेतावनी को समय रहते समझेंगे, या फिर अमेरिका की राह पर चलते हुए भारत सहित दुनिया के सारे देश आर्थिक संकट और लोकतंत्र के लिए चुनौती साबित होंगे? वैश्विक व्यापार संधि के बाद जो बाजारवाद की लहर पूरी दुनिया के देशों में पहुंची थी, उसके कारण आम आदमी से लेकर सरकारें सभी कर्ज में डूबी हुई हैं। कॉरपोर्रेट दिन दूनी रात चौगुनी कमाई कर रहे हैं। आम जनता कर्ज और टैक्स के बोझ से दबी हुई है। इसके बाद भी दुनिया की सभी सरकारों का कर्ज बढ़ता ही जा रहा है। दुनिया के सभी देशों की जनता कंगाली और शोषण का शिकार हो रही हैं। राजनेताओं और कॉरपोरेट सेक्टर का जो गठबंधन बना है अब उसके खिलाफ सारी दुनिया के देशों में आम जनता के बीच विद्रोह देखने को मिलने लगा है। आधा दर्जन से ज्यादा देश इसके शिकार हैं। आम जनता विशेष रूप से युवा महंगाई और बेरोजगारी से परेशान हैं। कारपोरेट जगत में जो नीतियां बनाई हुई हैं उसमें मशीनों का ज्यादा से ज्यादा उपयोग हो रहा है। लोगों को काम नहीं मिल रहा है। जिसके कारण अब पूंजीवादी व्यवस्था को लेकर सारी दुनिया के देशों में जो गुस्सा देखने को मिल रहा है वह किसी के लिए भी अच्छा नहीं है। कापोर्रेट जगत और राजनेताओं की मिली भगत ने शोषण की सभी हदें पार कर दी हैं। इसके बाद भी अमेरिका जैसा देश कर्ज के कारण कंगाली के दौर पर पहुंच रहा है। यह सारी दुनिया के पूंजीवादी देशों के लिए एक सबक है।

# सड़क हादसेः असुरक्षित सड़कें हैं जान की दुश्मन


विनोद के. शाह



देश में जनसंख्या वृद्धि केवल जनगणना के आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि रोजमर्रा के जीवन की हर सड़क, हर मोड़ और हर फुटपाथ पर सुरक्षित एंव शांतिपूर्ण जीवन में खौफ पैदा करती दिखती है।

शहरों में इंसान एवं वाहन बढ़ते गए, सड़कों पर जगह घटती गई। नतीजा यह कि पैदल चलने वालों के लिए कभी सुरक्षित माने जाने वाले फुटपाथ आज खड़े वाहनों, दुकानों के विस्तार और अवैध कब्जों से घिर चुके हैं। एक समय था जब फुटपाथ पैदल यात्रियों के लिए सुरक्षित, सुविधाजनक और निर्बाध रास्ता हुआ करता था। आमजनों को अधिकार में मिला सड़क के किनारे वाला फुटपाथ स्कूल जाते बच्चों, पैदल चलते बुर्जगों के लिए सुरक्षित मार्ग था। दिव्यांगजन भी बगैर डरे आत्मविश्वास के साथ सुरक्षित चल पाते थे। लेकिन अब वही फुटपाथ एंव पार्किग स्थल अतिक्रमण का शिकार हो चुके हैं।

हाल ही में उच्चतम न्यायालय ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सहित राज्य सरकारों से स्पष्ट कहा है कि नागरिकों, विशेष रूप से दिव्यांगजन और बुजुगरे के लिए सुरक्षित फुटपाथ उपलब्ध कराना सरकारों की नैतिक और संवैधानिक जिम्मेदारी है। अदालत ने चार सप्ताह के भीतर आवश्यक कदम उठाने का आदेश दिया है। यह आदेश अब केवल एक प्रशासनिक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक चेतावनी भी है कि यदि सरकार और स्थानीय निकाय समय पर कदम नहीं उठाते, तो सड़क सुरक्षा के संकट और गंभीर होंगे। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के अनुसार वर्ष 2023 में देशभर में पैदल चलते हुए 35,203 लोगों की सड़क दुर्घटनाओं में मौत हुई, जबकि 54,544 लोग घायल हुए। यह आंकड़ा सड़क हादसों में कुल मौतों का 20.4% है। प्रत्येक पांच सड़क दुर्घटना मृतकों में से एक पैदल यात्री है। दिल्ली में वर्ष 2025 के प्रारंभिक चार महीनों में सड़क हादसों में 184 लोगों की जान गई है। यानी प्रत्येक माह औसतन 46 लोगों की पैदल चलने के दौरान मौत हुई है। दिल्ली यातायात पुलिस मानती है कि सड़क किनारे रेहड़ी-पटरी एवं खड़े वाहनों के अतिक्रमण से राजधानी की अस्सी फीसद सड़कें प्रभावित है। यह आंकड़े संकेत हैं कि हमारे शहर और कस्बे पैदल चलने के लिए सुरक्षित रहने के बजाए दिन-ब-दिन खतरनाक होते जा रहे हैं। पिछले वर्षो में ऐसी अनेक घटनाएं हुई है, जब स्कूल बस का इंतजार कर रहे बच्चों को तेज रफ्तार वाहनों ने रौंदा है।

वर्ष 2023 में ही सड़क हादसों में 2,352 बच्चों ने अपनी जान गंवाई। इससे भी दर्दनाक यह कि सड़क पर बने गड्ढों के कारण 2,161 लोग मारे गए। गड्ढा भरना कोई तकनीकी विशेषज्ञों की आवश्यकता नहीं मांगता है, इसे स्थानीय निकाय का सफाई कर्मचारी भी आसानी से संपन्न करा सकता है, लेकिन हमारे देश में पैचवर्क श्रेणी का कार्य भी फाइलों में एक टेबल से दूसरे टेबल का सफर करता एक लंबित कार्य बन जाता है। सड़क सुरक्षा में यातायात पुलिस सहित नगर निगम, नगर पालिका, विकास प्राधिकरण, यातायात प्रबंधन विभाग और नागरिकों, सभी की साझा जिम्मेदारी है।

स्थानीय प्रशासन को अतिक्रमण हटाने, पार्किंग व्यवस्था सुधारने और फुटपाथ की मरम्मत की जिम्मेदारी प्रशासनिक कार्य बंटवारे में सौंपी गई है। यातायात पुलिस को पैदल यात्रियों के लिए सुरक्षित जेब्रा क्रॉसिंग, यातायात सिग्नल और अंडरपास की व्यवस्था सुनि त करनी चाहिए। नागरिकों को भी स्वयं के कर्तव्यों को समझने की अवश्यकता है कि फुटपाथ पर गाड़ी खड़ी करना या दुकान फैलाना दूसरों के जीवन को संकट में डालना है। बैंक, मॉल, अस्पताल और प्रतिष्ठानों को अपने ग्राहकों को पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराना व्यपारिक जिम्मेदारी के साथ कानूनन आवश्यक है। लेकिन स्थानीय प्रशासनिक व्यवस्था इतनी अधिक लाफरवाह हो चुकी है कि पार्किग अभाव में भी संस्थाओं को संचालन की आसान अनुमति दे दी जाती है, जिसमें गाड़ियां सड़कों और टपाथों पर खड़ी कर दी जाती हैं।

आवासीय क्षेत्रों में वह रहवासी भी बड़ी गाड़ियां खरीदने में परहेज नहीं करते हैं जिन पर पार्किंग सुविधा नहीं है, परिणामस्वरूप वाहन सड़क पर खड़े किए जाते हैं। जिसके कारण आपातकालीन सेवाएं एंबुलेंस और अग्निशमन वाहन भी समय पर आसानी से नहीं गुजर पाते है। शीर्ष अदालत ने कहा है कि जब बड़े राजमार्ग बनाने की बात की जा रही है, लेकिन देश में पैदल राहगीरों के लिए सडक किनारे फुटपाथ सुरक्षित नहीं है। यह देश में गंभीर चिंता का विषय होना चहिए। मोटर वाहन अधिनियम 1988 में भी पैदल यात्रियों को सड़क क्रॉसिंग, फुटपाथ और ट्रैफिक सिग्नल जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराना अनिवार्य माना गया है, लेकिन इसे सिर्फ  किताबों तक ही सीमित माना जा रहा है।

पैदल राहगीरों के दुर्घटनाग्रस्त होने पर इलाज सहायता का प्रावधान भी अदालत के हस्तक्षेप के बाद ही संभव हो सका है। अगर आज हमने फुटपाथ और सड़क सुरक्षा पर ध्यान नहीं दिया, तो आने वाले समय में शहरों में पैदल चलना भी असंभव हो जाएगा। सुप्रीम कोर्ट का दिशा-निर्देश महत्त्वपूर्ण कदम है, सुरक्षित फुटपाथ और व्यवस्थित सड़कें केवल यातायात सुधार का हिस्सा नहीं, बल्कि हर नागरिक के जीवन के अधिकार का सम्मान भी है।

# आगामी त्यौहारों, जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने, आमजन से बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए हो रही है सी एल जी बैठकें: विकास सांगवान

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग



पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में आज से जिले के सभी थानों में सीएलजी सदस्यों की बैठकें आयोजित की जा रही है, आगामी त्यौहारों दुर्गा नवमी, दशहरा एवं दीपावली को लेकर आमजन सामाजिक सौहार्द, आमजन से बेहतर समन्वय स्थापित करने और जिले में कानून व्यवस्था बनाएं रखने के सम्बन्ध में सीएलजी सदस्यों से संवाद किया जा रहा है। थानों पर आयोजित बैठकों में सीएलजी सदस्यों से संवाद कर पुलिस का सहयोग करने के साथ ही किसी भी तरह के संदिग्ध व्यक्ति दिखें तो पुलिस को सूचना देने, असामाजिक तत्वों के बारे में भी पुलिस को बताने आदि की चर्चा कर उनसे सुझाव भी लिए जा रहे हैं। बैठकों में सोशल मीडिया पर भ्रामक, भड़काऊ एवं? सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने की पोस्ट करने वाले व्यक्तियों को समझाइश करने, सड़क हादसों में हो रही बढ़ोतरी पर दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट और चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने, साथ ही साइबर ठगी के बढ़ते मामलों को लेकर लोगों को सतर्क करते हुए कहा कि कोई भी अपनी बैंक डिटेल किसी के साथ साझा न करें और न ही अनजान व्यक्ति से पैसे मंगवाएं। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया है कि सीएलजी सदस्य आमजन की आवाज पुलिस तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण कड़ी होते है। सीएलजी सदस्यों अपने आस-पास होने वाली गतिविधियों को अवगत कराएं। जिससे अप्रिय घटनाओं को समय से पहले रोका जा सके।

# सेवा पखवाड़ा में विधायक राजेन्द्र ने गढ़ हिम्मतसिंह में रोपे पौधे



## ग्रामीणों की बिजली समस्या पर गढ हिम्मतसिंह को मंडावर सिटी लाईन से जोडने के दिये निर्देश

द डेस्प्रिंग

**मनोज खंडेलवाल / मंडावर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत मंगलवार को मंडावर उपखंड के गढ़ हिम्मतसिंह गांव में 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के अंतर्गत पौधरोपण किया गया। महवा विधायक राजेंद्र मीणा ने खुद पौधे लगाकर इस अभियान की शुरुआत की और ग्रामीणों को संदेश दिया कि प्रदूषण और जलवायु संकट से निपटने का सबसे सशक्त उपाय वृक्षारोपण है। उन्होंने इसे मातृशक्ति के सम्मान और पर्यावरण संरक्षण का अद्भुत संगम बताया और कहा कि अधिक से अधिक पौधे लगाकर ही भविष्य सुरक्षित किया जा सकता है।

इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक मीणा के समक्ष अघोषित बिजली कटौती की समस्या रखी। समस्या सुनते ही विधायक ने मौके पर बिजली विभाग के अधिकारियों को गढ़ हिम्मतसिंह गांव को मंडावर सिटी लाइन से जोड़ने के निर्देश दिए और स्पष्ट कहा कि गढ हिम्मतसिंह के ग्रामीणों को अब अनियमित आपूर्ति की परेशानी नहीं झेलनी पड़ेगी। कार्यक्रम में पहुंचे ग्रामीणों ने विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की। इस मौके पर पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष सोहनलाल सैनी, रामे मास्टर, रामगोपाल सोनी, मोतीलाल शर्मा, जगदीश डीलर, अवधेश सैन, संजय लक्षकार, रिंकू साहू, सौरभ शर्मा, लक्की शर्मा, सावन शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम ने जहां पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया, वहीं ग्रामीण समस्याओं के त्वरित समाधान का उदाहरण भी पेश किया।

# सेवानिवृत कार्मिकों को दी भावभीनी विदाई

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग




मंगलवार को जिले के कई सरकारी कार्मिक सेवानिवृत्त हो गए। सेवानिवृत कार्मिकों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन कर यूसीईओ परिक्षेत्र बालिका विद्यालय धौलपुर के अंतर्गत महमदपुर स्कूल की प्रधानाध्यापिका वंदना राना,राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय धौलपुर के जमादार पप्पूराम एवं बरेहमोरी की प्रधानाचार्य राजकुमारी गुप्ता को स्कूल स्टाफ एवं ग्रामवासियों द्वारा सेवानिवृत्ति उपरांत भावभीनी विदाई दी गई। मौके पर उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं ने सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों को अंग वस्त्र ,फूलमाला साफा पहनाकर भावभीनी विदाई दी। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय धौलपुर में शाला दर्पण से कार्यमुक्त कर पत्र सौंपा एवं मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उप प्राचार्य भगवान सिंह मीना,सतीश कुमार मीणा,वरिष्ठ अध्यापक मनोज कुमार झा,शैलेंद्र दीक्षित,वीर सिंह टांक,बृजेंद्र सिंह किरार,राजकुमार, अनिल,सोनू,शनि,संजय सहित परिवारीजन उपस्थित रहे।

# नाडोल एक शाम भजन संध्या माँ आशापुरा के नाम

द डेस्प्रिंग



**नगराज वैष्णव ।** नाडोल कस्बे में आशापुरा मंदिर परिसर मे विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया ! विधायक शोभा चौहान व राजेश चौहान द्वारा आयोजित कि गई ! प्रसिद्ध देश व्यापी कलाकार गायक प्रकाश माली व जोधपुर से खुशबु बारठ द्वारा शानदार भजनों की प्रस्तुति दि गई प्रकाश माली द्वारा गणेश वंदना , राजेश चौहान की फरमाईस पर गुरु बिन गौर अंधेरा भजन प्रस्तुती दि ! भक्तीमय माहोल हो गया , माता के भक्त झूम उठे ! भामाशाह परिवार द्वारा स्वागत समारोह आयोजित किया पूर्व मंत्री लक्ष्मीनारायण दवे का साफा दुपटा , विधायक व पूर्व मंत्री पुष्पेंद्र सिंह राणावत का साफा दुपटा पहनाकर स्वागत , केबीनेट मंत्री जोराराम कुमावत का दुपटा साफा से स्वागत , रानी एस डि एम शिवा जोशी का साल दुपटा से स्वागत , सोजत , रायपुर , पाली से आए भाजपा के कार्यकर्ताओं का दुपटा साफा से स्वागत , भाजपा के सभी मंडल अध्यक्ष व पूर्व मंडल अध्यक्षो का स्वागत , आशापुरा ट्रस्टियो का स्वागत, आशा पुरा पुजारियो का स्वागत , रिश्तेदारो व अधिकारियो का स्वागत व पत्रकारो का स्वागत ! पुरी रात चले भजन ! मनोहर कॅवर महिला जिला अध्यक्ष का स्वागत ! पर्दे के पिछे आयोजन सफल बनाने वाले कार्यकर्ता व राजेन्द्र वैष्णव वरिष्ठ अध्यापक का स्वागत , गायक प्रकाश माली , खुशबु कुमट का स्वागत किया मंगलवार को सुबह दस बजे से महाप्रसाद का आयोजन आशा पुरा माताजी के ट्रस्ट द्वारा 400 करोड का प्रोजक्ट से कोरी डोर बन रहा है ! आशा पुरा मंदिर ट्रस्ट द्वारा नाडोल के इतिहास पर प्रकाश डाला . ! मंच संचालन डा प्रवीन कुमार वैष्णव बाली ने किया !

### ग्राहकों को नहीं मिल रहा जीएसटी का लाभ

# दुकानदार कहते हैं.... लेना है तो लो, वरना मत लो... जैसा माल आएगा वैसा बिकेगा

द डेस्प्रिंग



**मुंडावर /हवासिंह चौधरी ।** केंद्र सरकार ने जीएसटी की स्लेब में बदलाव तो कर दिया लेकिन अभी तक मुंडावर उपखंड के गावों में ग्राहकों को यह लाभ नहीं मिल पा रहा हैं। दुकानदार कहते हैं कि हमारे पास जमा स्टॉक का हम क्या करें। यह माल भी हमें निकालना है। जैसा माल आएगा वैसा ही बिकेगा।

मुंडावर उपखंड के गांवो के लोगों ने बताया रोजमर्रा के समान पर कोई छूट नहीं मिल रही है। जो पहले माल बिक रहा उसी तरह माल बेच रहे हैं। जबकि बड़े दुकानदारों ने छोटे दुकानदारों को जीएसटी घटा कर माल देने लग गए हैं। छोटे दुकानदार गांवो में यह छूट नहीं दे रहे हैं। दुकानदार वही पुराने भाव पर सामान बेच रहे हैं। आमजन को अभी तो कोई फायदा नहीं हो रहा है। सामाजिक कार्यकर्त्ता सम्मी चौधरी पूर्व प्रधान पीपली का मानना हैं की जबाब केंद्र सरकार ने आम जनता को लाभ दिया हैं तो उसका लाभ सभी को मिलना जरूरी हैं। अगर कोई दुकानदार ऐसा नहीं करते तो प्रशासन को जांच करनी चाहिए।

# दुर्गाष्टमी पर हवन कार्यक्रम का आयोजन हुआ

द डेस्प्रिंग



**रानी / नगराज वैष्णव ।** दुर्गाष्टमी पर रानीखुर्द व रानी कलां की पहाड़ी पर स्थित श्री चामुंडा माता जी के दोनों मन्दिरों में पुजारी रुप सिंह राजपुरोहित व भोपाजी छोगा राम देवासी ने महाआरती की/रतन सिंह राठौड़ , मोहन सिंह राठौड़ , मोहन सिंह राजपुरोहित सुरेश सिंह , भगता राम देवासी , सवा राम देवासी सहित चामुंडा माता जी के भक्तों द्वारा चामुंडा माता जी विशेष पुजा अर्चना की व मुख्य यजमान श्याम सिंह राजपुरोहित सहित यजमानो ने वैदिक मन्त्रोंच्चार के साथ यज्ञ में आहुति दी / श्री चामुंडा माता जी के उपासक गोविन्द सिंह राठौड़ ने बताया कि नवरात्रि के दौरान हजारों श्रद्धालुओ ने चामुंडा माता जी की पुजा अर्चना की ।

# भारत विकास परिषद प्रांतीय स्तरीय राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता आयोजित

द डेस्प्रिंग



**गाजियाबाद / संजय कुमार ।** भारत विकास परिषद प्रांतीय स्तरीय राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता , देश भक्ति गीतों का संगम है मनाया गया । यह आयोजन नोयडा शाखा के आतिथ्य में बहुत सुंदर और सुव्यवस्थित तथा भव्य रूप से आयोजित किया गया । इस पर कल्याणी शाखा शास्त्रीनगर गाजियाबाद की टीम ( महर्षि दयानंद विद्यापीठ इंटरमीडिएट कॉलेज गोविंदपुरम ) ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया बहुत सुंदर और शानदार प्रदर्शन देकर सहभागिता की। देशभक्ति गीतों से मन को भाव-विभोर कर देने वाला आयोजन रहा । नोयडा शाखा के द्वारा आयोजित भव्य और सुव्यवस्थित आयोजन के लिए बहुत बहुत बधाई दी गई । विजेता स्कूलों को बधाई और शुभकामनाएं दी गई । इस अवसर पर चारों जिले के 36 विद्यालयों ने भाग लिया तथा राष्ट्रीय,क्षेत्रीय प्रांतीय और शाखा दायित्वधारियों की उपस्थिती रही । कल्याणी शाखा ने सभी का आभार और धन्यवाद व्यक्त किया । इस अवसर पर टीम का मनोबल बढाने के लिए शाखा से तृप्ति श्रीवास्तव ,शाखा अध्यक्ष मधुमहाजन ,अंजली खन्ना और अंजली सिंह ,नेहा विजय कुमार की उपस्थिति रही ।

# सितारगंज में कबाड़ कारोबार की रंजिश ने लिया खूनी रूप, हथियारबंद दबंगों ने घर पर बोला धावा

### कई लोग गंभीर रूप से घायल, पीड़ित परिवार दहशत में

द डेस्प्रिंग

**सितारगंज / दीपक भारद्वाज ।** कबाड़ कारोबार की आपसी रंजिश ने रविवार रात नकहा नयागांव गांव में खौफनाक रूप ले लिया, जब बरेली जिले के शेरगढ़ रम्पुरा निवासी सनब्बर खान अपने भाई हैदर खान, शफीक शाह, अतीक शाह व चार अज्ञात साथियों के साथ स्कॉर्पियो और मोटरसाइकिल से पहुंचा और लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से लैस होकर प्रार्थी आरिफ खान के घर पर धावा बोल दिया। दबंग आरोपियों ने घर में घुसकर जमकर तोड़फोड़ मचाई और आरिफ खान, उसके पिता चन्दा खान तथा भाइयों आमिर व सलमान पर जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट में सभी को गंभीर चोटें आई, जिनमें चन्दा खान व आमिर की हालत गंभीर होने पर उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया, जबकि आरिफ व सलमान का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सितारगंज में जारी है। घटना के दौरान घर में मची चीखपुकार सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो हमलावर गालियां व जान से मारने की धमकी देते हुए अपनी स्कॉर्पियो से फरार हो गए, जबकि साथ लायी मोटरसाइकिल घटनास्थल पर ही छोड़ गए। बताया जा रहा है कि सनब्बर खान और उसके साथी आपराधिक प्रवृत्ति के हैं और उनके खिलाफ थाना शेरगढ़ (बरेली) में पहले से कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। वारदात से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है और पीड़ित परिवार बेहद दहशत में है।

# 69 वीं राज्य स्तरीय 17/19 वर्षीय बालक- बालिका स्कूली तीरंदाजी प्रतियोगिता का आगाज हुआ

### तीरंदाजी भारत का पौराणिक खेल : नीरजा शर्मा

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग






69वीं राज्य स्तरीय 17/19 वर्षीय बालक बालिका स्कूली तीरंदाजी प्रतियोगिता का आगाज मंगलवार को आर ए सी मैदान पर भाजपा नेत्री नीरजा शर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं पूर्व विधायक अब्दुल सगीर, भाजपा नेता सतेंद्र पाराशर, जिलाध्यक्ष शिक्षा अधिकारी सुक्खो देवी रावत एडीओ रमाकांत शर्मा, नीरू जैन एवं उप जिला शिक्षा अधिकारी शा शि बृजेंद्र सिंह, चोब सिंह कुशवाह समाजसेवी माजिद शरीफी के आतिथ्य में हुआ समारोह कि मुख्य अतिथि भाजपा नेत्री नीरजा शर्मा ने कहा कि तीरंदाजी भारत का पौराणिक खेल रहा है, प्राचीन काल में यह मानव जीवन का हिस्सा रहा है इसका प्रयोग भोजन के लिए शिकार एवं आत्म रक्षा के लिए किया जाता रहा है रामायण एवं महाभारत जैसे ग्रंथो में धनुष बाण युद्ध कौशल में अंग रहा है समारोह में पूर्व विधायक अब्दुल सगीर ने राज्य भर से आए खिलाड़ियों को अपने शायराना अंदाज में अभिभूत करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य एवं देश को गौरान्वित करने का आव्हान कर खिलाड़ियों को शपथ दिलाई प्रतियोगिता की आयोजन सचिव एवं जिला शिक्षा अधिकारी सुक्खो देवी रावत ने बताया कि इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में राज्य भर से 33 जिलों के 553 से अधिकारी छात्र छात्राऐ भाग ले रहे है उन्होंने टीमों के प्रशिक्षकों से खिलाड़ियों कि सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने कि बात कही इससे पूर्व आयोजक विद्यालय इकरा पब्लिक स्कूल की संचालिका नरगिस शरीफी ने अतिथियों का माला पगड़ी से स्वागत कर स्मृति चिन्ह प्रदान किए

### समारोह का संचालन अनिल मिश्रा विद्यार्थी द्वारा किया गया

इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक हरदीप सिंह, महेश गरासिया,भाजपा नेता जगवीर पोषवाल,रेडक्रॉस सचिव संजीव श्रीवास्तव, राकेश परमार, मनोज शर्मा, हरिमोहन शर्मा, परमजीत सिंह, भगवान सिंह मीना, अतुल चौहान, चंद्रभान चौधरी, अशोक मीना, हीरा लाल जाट, हेमंत परमार, उमादत्त शर्मा,जाकिर हुसैन,रविशंकर शर्मा, कप्तान सिंह, राकेश राजपूत, राजेश परमार,मुकेश शर्मा दिलीप जादौन, अनु वशिष्ठ,अलका,डब्बालिया राम, राम सुजान,विमल शर्मा, रविमोहन त्रिवेदी, अजय बघेल, देवदत्त शर्मा,

# श्री द्रावड़ी बाबा धाम पर श्री रामचरितमानस पाठ व राम यज्ञ का होगा आयोजन

### श्री रामदूत द्वार की आधारशीला 3 को, विशाल भण्ड़ारा व भजन संध्या कार्यक्रम 4 अक्टूबर को

द डेस्प्रिंग




**दांतारामगढ़।** सिद्धपीठ श्री श्री 1008 श्री द्रावड़ी बाबा धाम पर 9 दिवसीय अखण्ड श्री रामचरितमानस पाठ एवं एक दिवसीय श्री राम यज्ञ का आयोजन श्री द्रावड़ी बाबा धाम ग्राम-कुशालपुरा पचार में किया जा रहा है। जिसमें अखण्ड श्रीरामचरितमानस पाठ, रामायण पाठ विश्राम एवं श्री रामध्वनी का आयोजन आज एक अक्टूबर को होगा। साथ ही श्री रामदूत द्वार की आधारशीला कार्यक्रम 3 अक्टूबर को होगा। श्री राम यज्ञ पूर्णाहुती व विशाल भंडारा मेला, राजस्थान के सुप्रसिद्व कलाकारों द्वारा विशाल भजन संध्या का आयोजन 4 अक्टूबर को किया जायेगा। विशाल भजन संध्या में सिंगर प्रकाश गुर्जर एंड पार्टी के गायक प्रकाश चंद गुर्जर, गायक राम प्रकाश बढ़ाना, कैलाश छेला, डांसर सोनू शेखावाटी, आलिया राजस्थानी, तब्बू तोरावाटी, भोले साऊंड श्रीमाधोपुर द्वारा सायं 7:15 बजे से एक से एक शानदार प्रस्तुतियां दी जाएगी। श्री द्रावड़ी बाबा मन्दिर सेवा समिति ने समस्त ग्रामवासी भक्तजनों को अधिक से अधिक कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

# संतोषी माता मंदिर कोलुआ पर हुआ देवी जागरण

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग



देवी माता के नवरात्रि पर्व पर दुर्गा अष्टमी के पावन पर पर्व पर ग्राम पंचायत कोलुआ गांव में राजराजेश्वरी मां भगवती दुर्गा के भजनों के साथ विशाल देवी जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें जिले की मशहूर सुरेंद्र म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा मातारानी के विभिन्न भजनों के साथ प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की प्रारंभ में मां भगवती राजराजेश्वरी श्री दुर्गा मैया की चित्र पर दीपप्रज्यलित एवं फूलमाला अर्पित करें देवी जागरण की शुरुआत की गई। इस प्अवसर पर सिंगर दिग्विजय सिंह ने गणपति गौरी के लालना हाथ जोड़ करूं मैं तेरी वंदना गाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। भैया है मेरी शेरावाली भजन गया म्यूज़िकल ग्रुप के डायेक्टर सुरेंद्र सिंह राजावत ने मेरी आन रखना मेरी शान रखना माता रानी को भजन के माध्यम से मातारानी आवाहन किया। जागरण की रात आज तुमको आना है भजन गया तो पूरा प्रांगण झूम उठा मेरे शीश के दानी का सारे जग में डंका बाजे आदि भजन सुना तो भक्तों को मंत्र मुक्त कर दिया आगरा उत्तर प्रदेश से पधारे हरिओम सिकरवार ने वृंदावन जाउंगी सखी री वृंदावन जाऊंगी हर हूं बाबा पर तुझ पर भरोसा है भजन सुनाया तो एक बार श्याम बाबा की याद दिला दी कीर्ति सिंह राजावत ने आज मन एक बार मेरे घर आजा कलियां चुन चुन के में लाई आदि भजन सुनाए पूरी रात कोलूआ पंचायत एवं आस पास के गणमान्य लोग मातारानी के भजनों से मंत्रमुग्ध रहे।

# कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग जिला प्रभारी मोहम्मद ईरशाद खान का एक दिवसीय धौलपुर दौरा, कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ली बैठक



धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग

संगठन सृजन अभियान के तहत राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के मोहम्मद ईरशाद खान के आगमन पर जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। धौलपुर कांग्रेस विधायक शोभारानी कुशवाह के कार्यालय पर आयोजित बैठक में कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिला अध्यक्ष पद हेतु आवेदकों के बायोडाटा प्राप्त किए गए। बैठक के मुख्य अतिथि धौलपुर जिला प्रभारी मोहम्मद ईरशाद खान रहे अध्यक्षता जिला अध्यक्ष साकेत बिहारी शर्मा ने की बैठक में विशिष्ट अतिथि के तौर पर महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष लीना शर्मा,अल्पसंख्यक विभाग के सीकर नीमकाथाना प्रभारी सुलेमान फारूकी, सेवादल अध्यक्ष समृद्धि दीक्षित, बैठक का आयोजन ब्लॉक अध्यक्ष उमर फारूक उस्मानी के द्वारा किया गया बैठक को संबोधित करते हुए मोहम्मद ईरशाद खान ने कहा कि राजस्थान प्रदेश के सभी जिलों से कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष हेतु आवेदन लिए जा रहे हैं। इन आवेदनों पर प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश चेयरमैन जनाब एम. डी. चोपदार साहब एवं शीर्ष नेतृत्व द्वारा शीघ्र निर्णय लिया जाएगा और पूरे प्रदेश में जिलाध्यक्षों की घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज, पंजाबी समाज, सिख समाज, जैन समाज और पारसी समाज के लोगों को कांग्रेस पार्टी में पूरा अवसर दिया जाएगा। सभी समाज मिलकर राहुल गांधी जी को मजबूत करेंगे और कांग्रेस संगठन को नई मजबूती प्रदान करेंगे। इस अवसर पर पूर्व सभापति कमल कंसाना, पूर्व उप सभापति इसरार खान, कांग्रेस जिला प्रवक्ता धनेश जैन, एडवोकेट माहिर हसन रिजवी, कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग सोशल मीडिया भरतपुर के संभाग अध्यक्ष आज़ाद मिर्जा, नगर निकाय अध्यक्ष नासिर खान, शेजी जाफरी, सबनम खान, इरशाद खान बाड़ी, मुन्ना अब्बासी, फरहत खान, फिरोज खान, आजाद उस्मानी पार्षद, जाकिर खान, निजामुद्दीन खान, गुड्डू कुरैशी, राशिद खान, परवेज पठान, ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष शिब्बू दयाल लोधा, बनवारी लाल जाटव, राजू पहाड़िया, सहित अधिक संख्या में अल्पसंख्यक समाज के लोग और कांग्रेस कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ भाजपा नेता धीर सिंह जादौन ने लोकल फॉर वोकल प्रदेश कार्यक्रम में की शिरकत

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग






भारतीय जनता पार्टी वरिष्ठ नेता जिला उपाध्यक्ष धीर सिंह जादौन ने प्रदेश भाजपा कार्यालय जयपुर में आयोजित लोकल फॉर वोकल की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में शिरकत। जयपुर में वोकल फोर लोकल प्रदेश कार्यशाला में मुख्य वक्ता पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय सह संयोजक वोकल फोर लोकल सांसद सीपी जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकल फॉर वोकल पर सरकार का ध्यान केंद्रित किया है और सरकार लोकल फॉर वोकल पर कार्य कर रही है। लोकल फॉर वोकल के माध्यम से देश की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी हम सभी कार्यकर्ताओं को लोकल फॉर वोकल पर अपने अपने जिले में उत्कृष्ट कार्य कर एक मिसाल कायम करे। लोकल फॉर वोकल प्रदेश कार्यशाला में सीआर चौधरी अध्यक्ष किसान आयोग, रामलाल शर्मा पूर्व विधायक एवं प्रदेश संयोजक वोकल फोर लोकल,भूपेंद्र सैनी प्रदेश मंत्री का मार्गदर्शन पदाधिकारियों को प्राप्त हुआ कार्यशाला में प्रदेश टोली सभी जिलों से पधारे जिला संयोजक उपस्थित रहे। अपने जयपुर प्रवास के दौरान वरिष्ठ नेता धीर सिंह जादौन ने प्रदेश पदाधिकारियों एवं भाजपा वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर राजनेतिक चर्चा की।

## ड्रग मामले में अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती को मिली बड़ी राहत

मुंबई (एजेंसी)। बॉलीवुड अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती को ड्रग मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने रिया चक्रवर्ती को विदेश यात्रा की अनुमति दे दी है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने रिया चक्रवर्ती की ज़मानत की शर्तों को कम कर दिया है। आरोप है कि दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मृत्यु से पहले, रिया और उनके भाई अक्सर विभिन्न व्यक्तियों के माध्यम से हशीश और गांजा जैसे नशीले पदार्थ मंगवाते थे। इस मामले में उन्हें 2020 में गिरफ्तार किया गया था। ज़मानत देते हुए, निचली अदालत ने शर्त लगाई थी कि रिया चक्रवर्ती विशेष न्यायाधीश की पूर्व अनुमति के बिना देश नहीं छोड़ सकतीं। इस शर्त में ढील दी गई है। दरअसल रिया चक्रवर्ती के वकील ने हाईकोर्ट में इस बाबत दलील दी। उन्होंने कहा कि उन्हें (रिया चक्रवर्ती) काम के सिलसिले में विदेश जाना पड़ता है और पूर्व अनुमति मिलने में देरी के कारण उन्हें काम छोड़ना पड़ता है। इस वजह से उन्हें आर्थिक तंगी का भी सामना करना पड़ रहा है। अदालत को यह भी बताया गया कि इस मामले में आठ सह-आरोपियों को भी राहत दी गई है। उधर विरोधी वकीलों ने आपत्ति जताई कि रिया चक्रवर्ती को विशेष सुविधा नहीं दी जानी चाहिए। क्योंकि वह एक सेलिब्रिटी हैं। वह देश वापस नहीं लौट सकतीं है। भागने का खतरा है। इस पर हाईकोर्ट ने कहा, रिया चक्रवर्ती ने अब तक मामले में सहयोग किया है और उन पर लगाई गई ज़मानत की किसी भी शर्त का उल्लंघन नहीं किया गया है। ट्रायल कोर्ट की अनुमति से यात्रा करने पर वह देश वापस आ सकती हैं। हाईकोर्ट ने कहा, विदेश यात्रा से कम से कम चार दिन पहले एजेंसी को सूचित किया जाना चाहिए। पूरा यात्रा कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाना चाहिए। यात्रा कार्यक्रम में उनके होटल और फ्लाइट की जानकारी होनी चाहिए। उनका फ़ोन हर समय चालू रखने का भी निर्देश दिया गया है।

## सीएम योगी की फोटो से छेड़छाड़ करने वाला दबोचा

गाजियाबाद (एजेंसी)। (ईएमएस)। गाजियाबाद के लोनी में उत्तरांचल विहार सोसायटी में रहने वाले युवक ने मुख्यमंत्री की फोटो के साथ छेड़छाड़ कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। वहीं लोगों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शांति भंग करने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार किया है। तिलक राम कॉलोनी निवासी मोहन शर्मा ने उत्तरांचल विहार सोसायटी निवासी सैफ के खिलाफ प्रदेश के मुख्यमंत्री की फोटो के साथ छेड़छाड़ कर धमकी भरे गाने के साथ फेसबुक आईडी पर वायरल करने की शिकायत पुलिस से की। शिकायत में बताया कि आरोपी ने क्षेत्र का माहौल बिगाड़ने और दंगा भड़काने के नीयत से सोशल मीडिया पर फोटो वायरल की है। एसीपी ने बताया कि पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ क्षेत्र में शांति व्यवस्था भंग करने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की है।

## मुंबई–दिल्ली इंडिगो फ्लाइट में बम की धमकी से मच गया हड़कंप, दिल्ली एयरपोर्ट पर फुल इमरजेंसी

नई दिल्ली (एजेंसी)। मंगलवार सुबह मुंबई से दिल्ली आ रही इंडिगो की फ्लाइट में बम की धमकी से हड़कंप मच गया। फ्लाइट संख्या 6ई 762 में करीब 200 यात्री सवार थे। सुरक्षा एजेंसियों को यह धमकी अस्पष्ट लगी, लेकिन सूचना मिलते ही एहतियातन दिल्ली एयरपोर्ट पर पूर्ण आपातकाल (फुल इमरजेंसी) घोषित कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, यह उड़ान एयरबस ए321 नियो विमान से संचालित हो रही थी। जानकारी अनुसार, विमान को सुबह लगभग 7:53 बजे दिल्ली हवाई अड्डे पर सुरक्षित लैंड कराया गया। इस संबंध में इंडिगो इंडिगो एयरलाइन ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा, कि 30 सितंबर 2025 को मुंबई से दिल्ली की उड़ान 6ई 762 में सुरक्षा संबंधी खतरे की सूचना मिली। स्थापित प्रोटोकॉल के तहत तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित किया गया और विमान को परिचालन की मंजूरी देने से पहले आवश्यक सुरक्षा जांच की गई।

**आपात स्थिति में क्या हुआ?**

जैसे ही धमकी की खबर मिली, एयरपोर्ट पर सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हो गईं। रनवे, ग्राउंड स्टाफ, सीआईएसएफ, फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस सहित सभी को अलर्ट कर दिया गया। विमान लैंड होते ही यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया। इसके बाद बॉम्ब डिस्पोज़ल स्क्वॉड ने विमान और यात्रियों के सामान की गहन जांच शुरू की। हालांकि, राहत की बात यह रही कि विमान और सभी यात्री पूरी तरह सुरक्षित हैं। सुरक्षा एजेंसियां अब धमकी के स्रोत और उसकी विश्वसनीयता की जांच में जुटी हैं।

## असम में जुबिन गर्ग की मौत पर एफआईआर? मुख्यमंत्री की पत्नी समेत कई बड़े नाम शामिल

गुवाहाटी (एजेंसी)। मशहूर गायक जुबिन गर्ग की संदिग्ध मौत के मामले में असम में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। गायक के करीबी मित्र अंकुर हजारिका ने 27 सितंबर को गुवाहाटी के वशिष्ठा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। इसमें असम के मुख्यमंत्री हेमंता बिस्वा शर्मा की पत्नी रिंकी भुवन शर्मा, टीवी एंकर अर्नब गोस्वामी समेत कई प्रभावशाली लोगों के नाम शामिल किए गए हैं। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि जुबिन गर्ग की मौत वित्तीय अनियमितताओं, मनी लॉन्ड्रिंग और कथित साजिश से जुड़ी है। दर्ज आवेदन में भारतीय दंड संहिता की कई गंभीर धाराओं का हवाला देते हुए कहा गया, शिकायत में दर्ज लोगों की साजिश, लापरवाही और षड्यंत्र के चलते गर्ग की जान गई है। जुबिन गर्ग का निधन हाल ही में सिंगापुर में संदेहप्रद हालत में हुई थी. उनकी मौत को लेकर असम में पहले सवाल उठ रहे हैं। अब लिखित शिकायत पर एफआईआर की अर्जी में मुख्यमंत्री की पत्नी का नाम सामने आने से मामला गरमा गया है। राजनीतिक तौर पर भी यह घटना अहम मानी जा रही है. हाल ही में बोडोलैंड परिषद चुनावों में भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा है। विपक्ष इसे हेमंता सरकार के खिलाफ जनता के असंतोष से जोड़ रहा है। पुलिस ने शिकायत की पुष्टि की है. अभी मामले की जांच की जा रही है। भाजपा खेमे के लिए यह शिकायत बड़े संकट का संकेत बन सकती है।

# ट्रंप के शांति प्रस्ताव का पीएम मोदी ने किया स्वागत कहा- अमन का बेहतर रास्ता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गाजा में शांति के अमेरिकी प्रस्ताव का पीएम नरेंद्र मोदी ने सराहना की है। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के 20-प्वाइंट पीस प्लान (शांति प्रस्ताव) का स्वागत किया। इस प्लान का मकसद इजराइल-गाजा युद्ध को समाप्त करना है। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन ने तन्याहू से मुलाकात के कुछ ही घंटे बाद यह घोषणा की। इस ऐलान पर पीएम मोदी ने कहा कि यह फिलिस्तीनी और इजरायली लोगों के साथ-साथ बड़े पश्चिम एशियाई क्षेत्र के लिए दीर्घकालिक शांति, सुरक्षा और विकास का एक व्यावहारिक रास्ता है।



बता दें कि स्थानीय समयानुसार सोमवार को, ट्रंप ने नेतन्याहू के साथ गाजा में युद्ध को समाप्त करने की इस योजना पर चर्चा की। संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में, अमेरिकी राष्ट्रपति ने 20-प्वाइंट प्लान जारी किया। इसमें कहा गया कि अगर इजराइल और हमास दोनों इस योजना को स्वीकार कर लें, तो तुरंत संघर्ष समाप्त किया जाएगा। योजना स्वीकार किए जाने पर इजराइली सेना को निर्धारित रेखा पर वापस लौटना होगा ताकि बंधकों की रिहाई की तैयारी की जा सके।

इस प्रस्ताव को लेकर पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, हम राष्ट्रपति डॉनल्ड जे. ट्रंप की गाजा संघर्ष को समाप्त करने की व्यापक योजना की घोषणा का स्वागत करते हैं। यह फिलिस्तीनी और इजराइली लोगों के साथ-साथ पश्चिम एशिया क्षेत्र के लिए दीर्घकालिक और सतत शांति, सुरक्षा और विकास के लिए एक व्यावहारिक रास्ता है। हम आशा करते हैं कि सभी संबंधित लोग राष्ट्रपति ट्रंप की पहल के पीछे एकजुट होंगे और इस प्रयास का समर्थन करेंगे ताकि संघर्ष समाप्त हो और शांति स्थापित हो सके। अमेरिकी राष्ट्रपति की घोषणा के बाद 'एक्स' पर एक पोस्ट में मोदी ने आशा व्यक्त की कि सभी संबंधित पक्ष राष्ट्रपति ट्रंप की पहल के लिए एकजुट होंगे और संघर्ष को समाप्त करने तथा शांति सुनिश्चित करने के इस प्रयास का समर्थन करेंगे।

रिपोर्ट के अनुसार, इस प्रस्ताव के अंतर्गत सभी सैन्य गतिविधियां, जिनमें हवाई हमले और तोपखाना शामिल हैं, को रोका जाएगा और युद्ध रेखाएं तब तक स्थिर रहेंगी, जब तक चरणबद्ध वापसी की शर्तें पूरी नहीं होतीं। योजना का मकसद फिलिस्तीन में एक अस्थायी प्रशासनिक बोर्ड स्थापित करना भी है, जिसका नेतृत्व ट्रंप और ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर करेंगे।

20 प्वाइंट प्लान के अनुसार, जब सभी बंधकों को रिहा कर दिया जाएगा तो वे हमास सदस्य जो शांतिपूर्ण सहअस्तित्व के लिए प्रतिबद्ध हैं और अपने हथियारों को निरस्त कर देते हैं, उन्हें माफी दी जाएगी। ट्रंप और नेतन्याहू ने सोमवार को कहा कि वे गाजा में युद्ध समाप्त करने की योजना पर सहमत हो गए हैं लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि हमास इन शर्तों को स्वीकार करेगा या नहीं।

## म्यांमार में आए भूकंप का भारत पर असर, पूर्वोत्तर राज्यों में लगे झटके

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में मंगलवार की सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। बाद में पता चला कि म्यांमार में आए भूकंप का असर भारतीय राज्यों में भी हुआ है। रिक्टर स्केल पर इस भूकंप की तीव्रता 4.7 मापी गई, जिसकी पुष्टि नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी ने की है। सुबह 6 बजकर 10 मिनट पर आए इस भूकंप का केंद्र भारत-म्यांमार सीमा के बेहद नज़दीक था। इस झटके की तीव्रता ज़्यादा भले न रही हो, लेकिन मणिपुर, नागालैंड और असम सहित कई राज्यों में लोगों ने इसे साफ़ तौर पर महसूस किया। सुबह-सुबह ज़मीन के हिलने से लोगों में कुछ समय के लिए हलचल और चिंता का माहौल बन गया। सबसे बड़ी राहत की बात यह है कि अभी तक जान या माल के किसी बड़े नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है। फिर भी प्रशासन और आपदा प्रबंधन एजेंसियां सतर्क हैं और स्थिति का आंकलन कर रही हैं। मणिपुर के उखरुल ज़िले से केवल 27 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में। इसकी गहराई ज़मीन के अंदर 15 किलोमीटर आंकी गई, जो इसे सतह के काफ़ी क़रीब बनाती है। यह भूकंप उस समय आया है, जब कुछ ही दिन पहले बांग्लादेश में भी धरती डोली थी। शनिवार, 27 सितंबर को बांग्लादेश में 3.5 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया था, जो भारत के कोलकाता से महज़ 89 किलोमीटर दूर पूर्वोत्तर दिशा में था। उस भूकंप की गहराई 10 किलोमीटर थी। इससे भी ज़्यादा संयोग की बात यह है कि आज ही के दिन, 30 सितंबर को, भारत ने एक भयानक त्रासदी का सामना किया था। वर्ष 1993 में इसी तारीख को महाराष्ट्र के लातूर में एक विनाशकारी भूकंप आया था, जिसमें हजारों लोगों की जान चली गई थी। उसी दिन राजस्थान के जोधपुर में एक मंदिर में मची भगदड़ में भी सैकड़ों श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी।

## करूर भगदड़ हादसे की जांच के लिए एनडीए टीम करेगी दौरा, 41 की हो चुकी है मौत

**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु के करूर जिले में राजनेता विजय की तमिलागा वेत्री कझगम (टीवीके) की रैली में मची भगदड़ ने पूरे देश को सदमे में डाल दिया है। इस हादसे में अब तक 41 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें 18 महिलाएं, 9 बच्चे और 13 पुरुष शामिल हैं। हादसे की जांच के लिए मंगलवार को हेमा मालिनी के नेतृत्व में एनडीए टीम दौरा करने वाली है।



पीएम मोदी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन समेत तमाम राजनेताओं ने हादसे पर दुख प्रकट कर चुके हैं। केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण, एल मुरुगन और तमिलनाडु बीजेपी प्रमुख नैनार नागेंद्रन ने पहले ही प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। करूर हादसे में 41 लोगों की मौत और करीब 100 लोग घायल हुए हैं, जिनमें कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना 27 सितंबर को वेलुसाम्यपुरम में करूर-ईरोड हाईवे पर हुई, जहां मिली अनुमति से ज्यादा समर्थक जुट गए। भीड़ के अपने प्यारे अभिनेता और राजनेता विजय को देखने के उत्साह में स्टेज की ओर बढ़ने से भगदड़ मची। तमिलनाडु सरकार ने पूर्व न्यायाधीश अरुणा जगदीश की एक सदस्यीय जांच आयोग गठित किया है, जो घटनास्थल का दौरा कर चुका है।

सीएम एम के स्टालिन ने मृतकों के परिवारों को 10 लाख रुपए और घायलों को 1 लाख रुपए के मुआवजे की घोषणा की है। वहीं, टीवीके प्रमुख विजय ने इसे अपूरणीय क्षति बताते हुए मृतकों के परिजनों को 20 लाख और घायलों को 2 लाख रुपए देने का ऐलान किया है। उन्होंने मद्रास हाईकोर्ट में डीएमके पर साजिश का आरोप लगाते हुए सीबीआई या एसआईटी जांच की मांग की है। पुलिस ने टीवीके के जनरल सेक्रेटरी बुशी आनंद और दो अन्य पर एफआईआर दर्ज की है, जिसमें भीड़ प्रबंधन की लापरवाही का आरोप है।

# अयोध्या के राम मंदिर को लेकर फिर दायर हो सकती है क्यूरेटिव पिटिशन दाखिल !

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की एक टिप्पणी ने अयोध्या विवाद एक बार फिर चर्चा में ला दिया है। उन्होने एक इंटरव्यू में कहा था कि बाबरी मस्जिद का निर्माण ही मूल रूप से अपवित्र था। उनका कहना था कि जिस स्थान पर पहले से मस्जिद हो, वहां मस्जिद बनाना ही अपवित्र था। इसी को लेकर विवाद शुरू हो गया है और प्रोफेसर जी मोहन गोपाल ने तो राम मंदिर पर आए फैसले के खिलाफ याचिका दाखिल करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि चंद्रचूड़ के बयान के आधार पर ही क्यूरेटिव पिटिशन दाखिल की जा सकती है।

वहीं दूसरी तरफ चंद्रचूड़ अपने बयान पर सफाई भी दे चुके हैं। उनका कहना है कि उनके शब्दों को संदर्भ से बाहर निकालकर गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया है और सुप्रीम कोर्ट का अयोध्या फैसला साक्ष्य और कानूनी सिद्धांतों पर आधारित था, न कि आस्था पर। उन्होंने यह भी कहा कि आलोचक अक्सर पूरे फैसले को नहीं पढ़ते, जो 1,000 से अधिक पृष्ठों का है। कहा जाता है कि इस फैसले की ड्राफ्टिंग खुद चंद्रचूड़ ने ही की थी। चंद्रचूड़ के साक्षात्कार की क्लिप्स सोशल मीडिया पर भी खूब वायरल हो रही हैं।

प्रोफेसर जी. मोहन गोपाल ने कहा कि डीवाई चंद्रचूड़ के बयान में वह बात कही गई है, जो फैसले में ही नहीं है। ऐसे में इसके आधार पर पुनर्विचार याचिका दाखिल की जा सकती है। 2019 में 5 जजों की संवैधानिक बेंच ने राम मंदिर केस में फैसला सुनाया था। इस बेंच में तत्कालीन चीफ जस्टिस रंजन गोगोई, जस्टिस एसए बोबडे, जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस अशोक भूषण और जस्टिस अब्दुल नजीर शामिल थे। बेंच ने कहा था कि मुस्लिम पक्ष यह साबित करने में असफल रहा है कि बाबरी मस्जिद वाले स्थान पर उनका कोई निर्बाध मालिकाना हक रहा है। इसके साथ ही मंदिर निर्माण के पक्ष में फैसला दिया गया और अब राम मंदिर का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। राम मंदिर पर आए फैसले में यह भी स्पष्ट रूप से दर्ज किया गया कि बाबरी मस्जिद के निर्माण के लिए मंदिर को तोड़ने का कोई प्रमाण नहीं है। प्रोफेसर जी मोहन गोपाल ने चंद्रचूड़ की टिप्पणी के जवाब में कहा कि



अब अयोध्या का फैसला दूषित हो गया है और फैसले तथा बाद की टिप्पणियों के बीच असंगति से निर्णय में विश्वास कमजोर हो सकता है।

## चैतन्यानंद के मोबाइल में मिली लड़कियों के चैट्स, पूछताछ में कर रहा गुमराह

नई दिल्ली (एजेंसी)। छात्राओं से यौन उत्पीड़न का आरोपी चैतन्यानंद सरस्वती पूछताछ में पुलिस को सहयोग नहीं कर रहा है। उसे अपने किए गए कृत्य पर कोई पछतावा नहीं है। पूछताछ में वह लगातार झूठ पर झूठ बोल रहा है। उसकी दो महिला सहयोगियों को हिरासत में लेकर आमना–सामना करवाया जा रहा है। पुलिस को उसके मोबाइल फोन से कई लड़कियों के चैट्स भी मिले हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक चैट्स में सबूत मिला है कि चैतन्यानंद लड़कियों को झांसा देता था और उन्हें प्रलोभन भी देता था। साथ ही उसने कई एयरहोस्टेस के साथ फोटो खिंचवाकर फोन में रखी है। इसके अलावा कई लड़कियों की डीपी की स्क्रीनशॉट्स और गंदी चैट भी उसके मोबाइल फोन में मिली हैं। सख्ती से पूछताछ और चैतन्यानंद सरस्वती के खिलाफ मौजूद सबूतों को दिखाने पर ही बाबा सवालों के जवाब देता है। पूछताछ में बाबा के फर्जीवाड़े के नए–नए खुलासे हो रहे हैं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यहां एक निजी संस्थान में 17 छात्राओं का यौन उत्पीड़न करने के आरोपी चैतन्यानंद सरस्वती का मंगलवार को उनकी दो महिला सहयोगियों से आमना–सामना कराया गया। रिपोर्ट के मुताबिक दोनों महिला सहयोगियों ने पीड़ितों को धमकाया और उन्हें अपने अश्लील मैसेजे डिलीट करने के लिए मजबूर किया। पुलिस को चैतन्यानंद के फोन में कई महिलाओं के साथ चैट मिली हैं। जिसमें झूठे वादे करके उन्हें लुभाने की कोशिश की गई है। अधिकारी ने बताया कि चैतन्यानंद के फोन में एयरहोस्टेस के साथ कई फोटों भी मिली है। बता दें दिल्ली में एक केंद्र द्वारा अनुमोदित निजी संस्थान के अध्यक्ष पद पर रहते हुए चैतन्यानंद ने बाबा के भेष में अपने आपराधिक कारनामे जारी रखे।

# वांगचुक और कार्यकर्ताओं को बिना शर्त रिहा करें तभी बातचीत संभव

**–एलएबी ने चार प्रदर्शनकारियों की मौत के बाद अपनाया कड़ा रुख**

**लेह (एजेंसी)।** लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और संवैधानिक सुरक्षा उपाय करने की मांग को लेकर आंदोलन जारी है। इसका नेतृत्व कर रहे लेह एपेक्स बॉडी (एलएबी) ने पुलिस गोलीबारी की न्यायिक जांच शुरू होने और सोनम वांगचुक समेत सभी कार्यकर्ताओं को बिना शर्त रिहा करने तक बातचीत में शामिल नहीं होने की घोषणा की। एलएबी के अध्यक्ष थुपस्तान छेवांग और सह-अध्यक्ष चेरिंग दोरजे ने कहा कि बातचीत फिर से शुरू करने से पहले लद्दाख में अनुकूल माहौल की बहाली जरुरी है। एलएबी ने 4 प्रदर्शनकारियों की मौत के बाद अपना रुख कड़ा कर लिया है।



एलएबी ने कहा कि अगर सरकार सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में न्यायिक जांच का आदेश देने और सभी कैदियों को रिहा करने की मांगें मान लेती है तो वह बैठक में शामिल नहीं होने के अपने फैसले पर विचार करेगी और 6 अक्टूबर को वार्ता में शामिल होगी। दोनों नेताओं ने कहा कि हम गृह मंत्रालय और केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन से आग्रह करेंगे कि वे वहां व्याप्त भय, गम और आक्रोश के माहौल को दूर करने के लिए कदम उठाएं। बातचीत का बहिष्कार करने की घोषणा प्रदर्शन में हुई हिंसा के दौरान मारे गए चौथे मृतक का कर्फ्यूग्रस्त लद्दाख की राजधानी में भारी सुरक्षा के बीच अंतिम संस्कार किए जाने के कुछ घंटों बाद की गई। मृतक पूर्व सैनिक था।

गृह मंत्रालय ने कहा कि सरकार लद्दाख मामलों पर एलएबी और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के साथ बातचीत के लिए हमेशा तैयार हैं। इसमें कहा गया कि हम लद्दाख पर उच्चाधिकार प्राप्त समिति या ऐसे किसी भी मंच के जरिए लेह एपेक्स बॉडी और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के साथ चर्चा का स्वागत करते रहेंगे। बयान में क्षेत्र में विकास और रोजगार लाने वाले पिछले नतीजों की ओर इशारा किया गया है। इसके मुताबिक लद्दाख को लेकर संवाद करने के लिए गठित तंत्र से अब तक अच्छे परिणाम मिले हैं, जैसे लद्दाख की अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षण में वृद्धि, एलएएचडीसी में महिलाओं के लिए आरक्षण प्रदान करना और स्थानीय भाषाओं को संरक्षण प्रदान करना है। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में 1800 सरकारी पदों पर भर्ती की प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है। हमें यकीन है कि निरंतर बातचीत से भविष्य में सही नतीजे हासिल होंगे।

## आई लव मुहम्मद पर सीएम धामी की चेतावनी, शांति भंग करने पर कीमत चुकानी पड़ेगी

**किसी भी दंगाई से इसकी कीमत वसूली जाएगी और सख्त कार्रवाई होगी**

**देहरादून (एजेंसी)।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को आई लव मुहम्मद लिखी तख्तियों के प्रदर्शन पर कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने इस प्रदर्शन को त्यौहारों और सार्वजनिक शांति भंग करने का एक सुनियोजित प्रयास बताया है। सीएम धामी ने इन हरकतों को सोची-समझी साजिश कहा, जिसका उद्देश्य त्यौहारों और धार्मिक अनुष्ठानों के दौरान अशांति पैदा करना है। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके पीछे वे ताकतें हैं जो भारत को मजबूत होते और विकसित भारत के संकल्प में हो रहे विकास को बर्दाश्त नहीं कर पा रही हैं। उन्होंने सवाल किया कि अगर आप किसी से जुड़े हैं, तो आपको उनके नाम की तख्ती लेकर घूमने का अधिकार किसने दिया? उन्होंने कहा कि सच्चा सम्मान व्यवहार में झलकना चाहिए।

सीएम धामी ने अल्टीमेटम देकर कहा कि शांति भंग करने पर कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि सरकारी या निजी संपत्ति को नुकसान पहुँचाने वाले किसी भी दंगाई से इसकी कीमत वसूली जाएगी और सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि उत्तराखंड की धरती पर इस तरह की अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

दरअसल ये पूरा विवाद उत्तर प्रदेश के बरेली शहर से जुड़ा है, जहाँ 26 सितंबर को आई लव मुहम्मद पोस्टर विवाद को लेकर हुआ विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गया था, जिससे शहर में तनाव बना हुआ है। शुक्रवार की नमाज के बाद प्रदर्शनकारी आई लव मोहम्मद की तख्तियां लिए हुए आला हजरत दरगाह और आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खान के घर के बाहर जमा हुए। विरोध प्रदर्शन के दौरान पथराव हुआ और पुलिस के साथ झड़प हुई, जिसमें कई लोग घायल हुए और सार्वजनिक



संपत्ति को नुकसान पहुंचा। पुलिस के अनुसार, प्रदर्शनकारियों को व्हाट्सएप पर भड़काऊ संदेशों के जरिए उकसाया गया था। बरेली पुलिस ने 56 गिरफ्तारियाँ की हैं, जिनमें बरेली हिंसा मामले का प्रमुख साजिशकर्ता नदीम खान भी शामिल है। एसएसपी अनुराग आर्य ने पुष्टि की कि नदीम को हिंसा भड़काने में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी हालिया हिंसा में शामिल उपद्रवियों की कड़ी आलोचना की और उन्हें पुलिस कार्रवाई की चेतावनी दी।

# बड़ी मुश्किल से अध्यक्ष चुन पाई थी कांग्रेस, फिर भी मच रहा है घमासान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तमाम विचार मंथन और असंतुष्ट नेताओं को समझा बुझाकर कांग्रेस ने हरियाणा में अपना प्रदेश अध्यक्ष चुना था। इसके लिए पार्टी को पूरा एक साल लग गया। इसके बाद भी अब अध्यक्ष को लेकर न केवल सवाल उठ रहे हैं बल्कि कांग्रेस के भीतर घमासान भी शुरु हो गया है।

कैप्टन अजय यादव ने ट्वीट किया, हरियाणा में कांग्रेस पार्टी के लगातार गिरते ग्राफ को देखते हुए आज लिए गए निर्णय पर पार्टी को आत्म निरीक्षण करने की आवश्यकता है। राहुल गांधी की इच्छा थी कि हरियाणा कांग्रेस का अध्यक्ष एक ऐसे व्यक्ति को बनाया जाए जिसकी छवि पूरी तरह साफ-सुथरी, बेदाग और युवा नेतृत्व की पहचान रखने वाली हो। लेकिन आज का निर्णय इसके ठीक उलट दिखाई देता है। इस वजह से पार्टी कार्यकर्ताओं और कैडर का मनोबल बिलकुल गिर गया है। उनका सीधा इशारा राव नरेंद्र सिंह की ओर है, जिन्हें प्रदेश अध्यक्ष की कमान मिली है।

सीनियर लीडर कैप्टन अजय यादव ने यह साफ नहीं किया कि वह क्यों राव नरेंद्र सिंह को साफ-सुथरी छवि का नेता नहीं मानते हैं, लेकिन इसके तार 2016 के एक केस जोड़े जा रहे हैं। दरअसल राव नरेंद्र सिंह पर 2016 में एफआईआर दर्ज हुई थी। उन पर आरोप लगा था कि उन्होंने जमीन का इस्तेमाल बदलने के लिए कैश लिया था। लोक अदालत की जांच के बाद राव नरेंद्र सिंह के खिलाफ केस फाइल हुआ था।माना जा रहा है कि कैप्टन अजय यादव ने इशारों में उसी केस का जिक्र करते हुए राव नरेंद्र सिंह को अध्यक्ष बनाए जाने का विरोध किया है। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि ओबीसी नेता के नाम पर खुद कैप्टन अजय यादव दावेदारी कर रहे थे। ऐसे में उनकी ही बिरादरी के राव नरेंद्र सिंह को बनाए जाने से वह खफा हैं। उन्हें लगता है कि इससे उनकी अपनी सियासी जमीन भी कमजोर होगी।

हरियाणा में कांग्रेस ने बीते साल विधानसभा चुनाव में करारी मात खाई थी। 2009 में आखिरी बार विधानसभा चुनाव जीतने वाली कांग्रेस को लगातार तीन बार हार झेलनी पड़ी है। इसके बाद नेतृत्व को लेकर रस्साकशी हुई तो एक साल बाद ही नेता विपक्ष के तौर पर भूपिंदर सिंह हुड्डा को चुना गया है तो वहीं प्रदेश अध्यक्ष अहीरवाल बेल्ट के नेता राव नरेंद्र सिंह को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। कांग्रेस को लगता है कि इससे उसे भाजपा के गढ़ बने अहीरवाल में सेंध लगाने में मदद मिलेगी, लेकिन इसका उलटा होता दिख रहा है। कैप्टन अजय सिंह यादव ने ही इस फैसले पर सवाल उठा दिए हैं, जो पार्टी के सीनियर लीडर हैं। उनका कहना है कि यह फैसला गलत है और इससे कार्यकर्ताओं का मनोबल गिरा है।





# स्वमसूट में फोटोज पर साई पल्लवी ने तोड़ी चुप्पी

नितेश तिवारी की रामायण में माता सीता का किरदार निभा रहीं साई पल्लवी बीते दिन आलोचनाओं का शिकार हुई थीं। उनकी बहन पूजा कन्नन ने सोशल मीडिया पर समंदर किनारे वेकेशन मनाने की तस्वीरें शेयर की थीं। जिसके बाद एक्ट्रेस की स्विमसूट पहने कई एआई -जनरेटेड तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल हो गई थी। जिस वजह से लोगों ने उन पर निशाना साझा था। अब एक्ट्रेस ने इस पर रिएक्ट किया है। साई पल्लवी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें वह और उनकी बहन कुछ दोस्तों के साथ वेकेशन मनाते दिख रहे हैं। क्लिप में दोनों बहनें समंदर किनारे आराम फरमाती दिख रही हैं। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने उस वक्त जो कपड़े पहने थे, उसका भी वीडियो और फोटो पोस्ट किया, जिसे मॉर्फ किया गया है।

## साई पल्लवी को बताया असली हीरा

साई पल्लवी के इस पोस्ट पर लोगों ने रिएक्ट किया। एक यूजर ने लिखा, कैप्शन मस्त है। एक ने लिखा, एक कैप्शन से ही सबको रोस्ट कर दिया। एक ने लिखा, हम आपसे प्यार करते हैं क्वीन। एक ने लिखा, कैप्शन पसंद आया। एक ने लिखा, हम जानते हैं मैम कि आप असली हीरा हो। एक ने लिखा, आपने छिपाया लेकिन उन्होंने डिकोड कर लिया। आपने वन पीस या स्विमसूट पहना था, ये सच है।

## साई पल्लवी की फिल्में

साई पल्लवी के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह आखिरी बार चंदू मोंडेती की फिल्म थंडेल में नागा चैतन्य के साथ नजर आई थीं। अब वह रणबीर कपूर के साथ रामायण में दिखाई देंगी। इसके अलावा, वह आमिर खान के बेचे जुनैद खान के साथ सुनील पांडे की डायरेक्टेड फिल्म पर भी काम कर रही हैं। इसके बारे में अभी ज्यादा जानकारी पब्लिक नहीं है।



# चहल संग तलाक मामले में लोगों पर भड़कीं धनश्री

डांसर और कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा इस समय राइज एंड फॉल रियलिटी शो में नजर आ रही हैं। यहां उन्होंने क्रिकेटर युजवेंद्र चहल संग तलाक और अपने रिश्ते पर बेबाकी से बात रखी है, जिसकी बीते दिनों खूब चर्चा हुई थी। अब एकबार फिर से उन्होंने चहल के साथ डिवोर्स मामले पर प्रतिक्रिया दी है, जिसमें वो किसी बात पर नेटिजंस पर भड़कती भी नजर आ रही हैं। इसके साथ ही उन्होंने एलिमनी को लेकर भी अपने विचार प्रकट किए हैं।



चहल संग तलाक पर धनश्री ने दी प्रतिक्रिया

राइज एंड फॉल शो से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें धनश्री वर्मा प्रतियोगियों से बातें करती दिख रही हैं। वीडियो में आदित्य नारायण ने धनश्री से चहल संग रिश्ते पर सवाल करते हुए पूछा, 'आपको आधिकारिक रूप से अलग हुए कितने दिन हो गए?' इसके जवाब में उन्होंने कहा कि एक साल हो गया। बाद में किसी ने सवाल किया कि बहुत जल्दी हो गया सब। इस पर डांसर ने कहा, 'वो आपसी सहमित से था, इसलिए जल्दी हो गया।'

## एलिमनी मामले पर भड़कीं धनश्री

धनश्री वर्मा ने आगे कहा, 'इसीलिए जब लोग एलिमनी की बात कहते हैं, तो वो गलत है। अगर मैं कुछ नहीं बोल रही हूं, तो इसका मतलब ये नहीं कि लोग कुछ भी उल्टा-सीधा बोलेंगे। लेकिन मेरे माता-पिता ने ये सिखाया है कि आप अपने लोगों को प्रति ही जवाबदेही रखिए, नाकि अन्य लोगों के प्रति।'आपको बताते चलें कि धनश्री और चहल का रिश्ता 2020 में शादी के बंधन में बंधा था। लेकिन कुछ ही वर्षों में दोनो के रिश्ते में दरार पड़ने लगीं और फरवरी 2025 में दोनों का तलाक आधिकारिक रूप से हो गया था।



# कोरियन ड्रामा में नजर आएंगी एकता कपूर?

प्रोड्यूसर एकता कपूर ने अपने करियर में कई हिट टीवी सीरियल बनाए हैं, ज्यादातर के नाम की शुरुआत 'क' शब्द से होती थी। हाल ही में एक पोस्ट के जरिए एकता ने कोरियल ड्रामा में शामिल होने वाली खबर को लेकर अपडेट दिया।

अपने इंस्टाग्राम पेज के स्टोरी सेक्शन में एकता कपूर ने एक स्टोरी पोस्ट की। इसमें वह कहती हैं, 'मैं ओजी क्वीन हूं 'के ड्रामा' की (क्योंकि... जैसे सीरियल को लेकर कही ये बात )। मैं आपके लिए एक अपडेट लाई हूं। मैं कोरियन ड्रामा में नजर आऊंगी।'

देखना होगा कि क्या वह सच में कोरियन ड्रामा में नजर आएंगी या फिर किसी हिट कोरियन ड्रामा का हिंदी में रीमेक बनाएंगी। कोरियन ड्रामा की बात करें तो इनकी भारत में काफी फैन फॉलोइंग है, जेन जी कोरियन ड्रामा के बहुत बड़े फैन हैं।



# इंसान की पहचान उसके रिश्तों से नहीं बल्कि उसकी सोच और काम से होती है

बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी हाल ही में अपनी फिल्मों के साथ-साथ निजी जिंदगी को लेकर भी चर्चा में हैं। बीते दिनों से लगातार खबरें आ रही थीं कि तृप्ति बिजनेसमैन और मॉडल सैम मर्चेंट को डेट कर रही हैं। दोनों को कई बार साथ में देखा भी गया है, लेकिन अब तक इस रिश्ते पर कभी खुलकर कुछ कहा नहीं गया था। ऐसे में पहली बार तृप्ति ने रिलेशनशिप पर चुप्पी तोड़ी है और ऐसा बयान दिया है जिसने फैंस को सोचने पर मजबूर कर दिया है। इंटरव्यू में तृप्ति डिमरी ने कहा कि आज की दुनिया में अक्सर यह मान लिया जाता है कि अगर कोई रिश्ते में नहीं है तो उसकी जिंदगी अधूरी है। लेकिन उनकी राय अलग है। उन्होंने साफ कहा, रिश्ते में होना कोई मजबूरी नहीं है। अगर कोई सिंगल है तो इसका मतलब यह नहीं कि उसमें कोई कमी है। जिंदगी में और भी बहुत कुछ है जिसे हासिल किया जा सकता है। सिर्फ इसलिए उदास होना कि आपके पास कोई पार्टनर नहीं है, सही सोच नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि उनकी फिल्म बुलबुल की निर्देशक अनविता दत्त ने उन्हें यह सिखाया कि सिंगल होना भी उतना ही सामान्य है जितना रिश्ते में होना। तृप्ति का मानना है कि इंसान की पहचान उसके रिश्तों से नहीं बल्कि उसकी सोच और काम से होती है।

## तृप्ति का करियर ग्राफ

तृप्ति डिमरी ने पिछले कुछ वर्षों में बॉलीवुड में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। लैला मजनूं और बुलबुल जैसी फिल्मों से शुरू हुआ उनका सफर एनिमल जैसी सुपरहिट फिल्म तक पहुंचा। रणबीर कपूर के साथ उनकी जोड़ी को दर्शकों ने खूब सराहा और इसके बाद से ही वह लगातार चर्चा में बनी रहीं। हाल ही में आई धड़क 2 में भी उन्होंने सिद्धांत चतुर्वेदी संग अपनी एक्टिंग से सभी को प्रभावित किया। तृप्ति अपनी बोल्ड चॉइस और दमदार अदाकारी के लिए जानी जाती हैं। वह ऐसे किरदार चुनती हैं जो दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ते हैं। सोशल मीडिया पर भी उनकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। उनकी हर तस्वीर और वीडियो फैंस के बीच तेजी से वायरल हो जाते हैं।

## कौन हैं सैम मर्चेंट?

सैम मर्चेंट एंटरटेनमेंस इंडस्ट्री में किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। एक समय पर वह मॉडलिंग की दुनिया में काफी लोकप्रिय रहे और इसके बाद उन्होंने बिजनेस में कदम रखा। आज वह एक सफल उद्यमी माने जाते हैं। उनकी लाइफस्टाइल और सोशल सर्कल हमेशा मीडिया की सुर्खियों में रहते हैं। यही वजह है कि जब तृप्ति और सैम को साथ देखा गया तो दोनों के रिश्ते की अटकलें तेज हो गईं।



# इस फिल्म की असफलता से टूट गई थीं आलिया



अभिनेत्री आलिया भट्ट ने साल 2012 में हिट फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर से डेब्यू किया। इसके बाद वे हाइवे, 2 स्टेट्स, हम्पी शर्मा की दुल्हनिया जैसी हिट फिल्मों कहा हिस्सा बनीं। साल 2015 में उनकी फिल्म आई शानदार। मगर, बॉक्स ऑफिस पर यह कतई शानदार नहीं रही और आलिया के करियर की पहली फ्लॉप साबित हुई। हाल ही में आलिया के पिता और लोकप्रिय निर्माता-निर्देशक महेश भट्ट ने खुलासा किया कि इस फिल्म की असफलता ने आलिया को झकझोर कर रख दिया था।

## कई हिट के बाद हिस्से आई असफल फिल्म

महेश भट्ट ने हाल ही में सिद्धार्थ कनन के साथ बातचीत में फिल्म शानदार (2015) की असफलता का जिक्र किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस फिल्म की असफलता का उन पर लंबे समय तक असर रहा। इस फिल्म में आलिया के साथ शाहिद कपूर नजर आए थे। महेश भट्ट ने कहा, आलिया को जब अपनी पहली असफलता का स्वाद चखना पड़ा, जो कि फिल्म शानदार थी तो वह इससे पूरी तरह हिल गई थी।

यह फ्लॉप फिल्म क्योंकि कई हिट फिल्मों के बाद उसके हिस्से आई। महेश भट्ट ने आगे कहा, भले ही वह बाहर से एक सख्त लड़की हो, लेकिन असफलता तो असफलता ही होती है। उन्होंने कहा कि असफलताएं हमें याद दिलाती हैं कि सितारे भी आम इंसान होते हैं, जिन्हें भी दूसरों की तरह असफलताओं का सामना करना पड़ता है।

## हर कलाकार को उतार-चढ़ाव से गुजरना पड़ता है





# रीमेक का दौर कभी खत्म नहीं होगा

**आमिर खान ने अपने लंबे करियर में अभिनय के साथ सिनेमा को विषय की तरह समझा है। बदलते आयामों और चुनौतियों पर उनकी राय अहम है। इस खास बातचीत में उन्होंने अपने विचार साझा किए...**

## सिनेमा को पहले मास मीडियम कहते थे, लेकिन क्या आज भी ऐसा है?

सिनेमा को मास मीडियम कहा जा सकता है लेकिन थिएटर जाकर फिल्में देखने को मास मीडियम नहीं कह सकते क्योंकि वहां खर्चा ज्यादा होता है। आमतौर पर लोग थिएटर में ही फिल्म देखते हैं। थिएटर अपनी तरफ से कोशिश कर रहे हैं। जैसे मंगलवार को कम चार्ज करना लेकिन फिर भी लोअर मिडिल क्लास के लोगों के लिए परिवार के साथ देखना मुश्किल है। मैं चाहता हूं कि ऐसा मॉडल हो, जो हर आदमी को किफायती लगे।

## क्या लाल सिंह चड्ढा जैसी बड़ी मेकर से बनवानी चाहिए थी ?

नहीं, मुझे लगता है अद्वैत चंदन ने एक अच्छी फिल्म बनाई। हम अद्वैत और पूरी टीम के साथ खड़े हैं और जिस फिल्म को हमने बनाया, उस पर हमें गर्व है। कई लोगों को फिल्म पसंद आई लेकिन उनकी तादाद कम थी। मुझे लगता है कि मैंने अपना परफॉर्मेंस बहुत हाई पिच किया और इसमें मैं असफल रहा।

## क्या बहुत पुरानी फिल्मों की रीमेक में भी पोटेंशल है?

लाल सिंह चड्ढा या सितारे जमीन पर मेरी पहली रीमेक नहीं है। मैं पहले ही गजनी समेत 8-10 रीमेक कर चुका हूं। मुझे रीमेक करने में कोई परेशानी नहीं होती। जैसे हम शेक्सपियर के पुराने नाटकों को आज भी नए अंदाज में प्रस्तुत करते हैं, उसी तरह रीमेक में भी हम मूल कहानी में अपनी रचनात्मकता जोड़ते हैं। रीमेक का दौर सदा रहेगा, चाहे पुरानी फिल्म की बनाई जाए या नई की।

## आपके हिसाब से लॉयल ऑडियंस को क्या चाहिए?

देखिए, सिनेमाघरों में जाने वाली मुख्य ऑडियंस आम तौर पर 12 से 22 साल के बीच की होती है। यही वह ग्रुप है जो बड़े पैमाने पर थिएटर को भरता है। इसके बाद लोग जिंदगी में व्यस्त हो जाते हैं, उनके पास समय कम होता है और कई फिल्में वे मिस कर देते हैं। यह भी सच है कि किसी को भी नहीं पता कि युवाओं का क्या चाहिए। किसी के पास इसका कोई तय जवाब नहीं है।

## आपका तरीका क्या है स्क्रिप्ट्स चुनने का

मैं कभी यह नहीं सोचता कि ऑडियंस को क्या चाहिए। जब मैं मटेरियल चुनता हूं तो देखता हूं कि यह मुझे कितना टच कर रहा है, मुझे कितना पसंद आ रहा है। एक फिल्म का सफर लगभग 2 साल का होता है और मंजिल तक पहुंचेंगे कि नहीं, यह हमें नहीं पता होता लेकिन सफर अच्छा होना हमारे हाथ में है। इसलिए मैं हमेशा ऐसी फिल्में चुनता हूं और ऐसी कहानियां पसंद करता हूं जो मुझे सच में छूती हैं।

# घरवाली-बाहरवाली का कलेश दिखाएगी मस्ती 4

निर्देशक मिलाप जावेरी कॉमेडी ड्रामा फिल्म मस्ती 4 का टीजर रिलीज हो गया है। इस बार फिल्म में चार गुना दोस्ती, मस्ती और कॉमेडी का ब्लास्ट है। टीजर रिलीज के पोस्ट के साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा... पहले की थी मस्ती, फिर हुई ग्रैंड मस्ती, फिर ग्रेट ग्रैंड मस्ती, अब होगी मस्ती 4। इस बार चार गुना शैतानी, दोस्ती और कॉमेडी धमाका। अब केवल आपके नजदीकी सिनेमाघरों में 21 नवंबर को रिलीज हो रही है। इस फेंचाइज की पहली फिल्म मस्ती पहली बार 2004 में रिलीज हुई। इसके बाद इसके दो सीक्वल, ग्रैंड मस्ती और ग्रेट ग्रैंड मस्ती आए। अब रितेश, विवेक और आफताब की मशहूर तिकड़ी वापस आ रही है। इसमें श्रेया शर्मा, रूही सिंह और एलनाज नोरौजी भी हैं। इस फिल्म को जी स्टूडियोज और वेवबैंड प्रोडक्शन ने मारुति इंटरनेशनल और बालाजी टेलीफिल्म्स के साथ मिलकर बनाया है। से जी स्टूडियोज और वेवबैंड प्रोडक्शन ने मारुति इंटरनेशनल और बालाजी के साथ बनाया है



# सरकार में पैसों की बर्बादी : "शर्म करो पीडब्ल्यूडी विभाग "

### भ्रष्टाचार की उखड़ी परत

**मेसर्स ओम कुलदीप कंस्ट्रक्शन कंपनी डीडवाना द्वारा किया जा रहा है सड़क निर्माण कार्य**

### पचार से खाचरियावास बनने वाली सड़क उखड़ने का मामला

# पूरी बनने से पहले ही उखड़ने लगी सड़क, ग्रामीणों ने लगाया घटिया निर्माण सामग्री उपयोग करने का आरोप

### सड़क निर्माण मीडिया की सुर्खियों में आने के बाद पीडब्ल्यूडी के अधिकारी लगातार मौके पर

**ग्रामीण बोले :** सड़क रोज-रोज नहीं बनती, लोगों का दायित्व है कि उनके क्षेत्र में बनने वाली सड़क की अच्छी क्वालिटी हो



### विभाग सड़क निर्माण कार्य में लापरवाही या घटिया निर्माण स्वीकार करने को तैयार नहीं, ग्रामीणों में आक्रोश

द डेस्प्रिंग

**दांतारामगढ़।** पचार वाया खाचरियावास से बाय की तरफ करोड़ों की लागत से बनने वाली सड़क पूरी बनने से पहले ही उखड़ने का मामले में ग्रामीण लगातार विरोध कर रहे है। बतां दे कि ठेकेदार के द्वारा घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग करने से सड़क का निर्माण कार्य पूरा होने से पहले ही उखड़ने का मामला सामने आया है। इस सड़क निर्माण के लिए करोड़ों का बजट आवंटित किया गया था, लेकिन निर्माण इतना घटिया करवाया जा रहा है कि लोगों के छूने से ही सड़क उखड़ रही है। जबकी सड़क निर्माण की गारंटी 5 साल की दी गई है।

जानकारी के मुताबिक इस सड़क निर्माण में बड़ा भ्रष्टाचार और उसकी गुणवत्ता के साथ ठेकेदारों की मनमानी दोनों उजागर हुई है। यह नाकामी छिपाने के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग अब सड़क निर्माण कार्य को लेकर अब हरकत में आया है। बतां दे कि मेसर्स ओम कुलदीप कंस्ट्रक्शन कंपनी डीडवाना द्वारा सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है। वहीं सड़क निर्माण कार्य मीडिया की सुर्खियों में आने के बाद पीडब्ल्यूडी के अधिकारी लगातार मौके पर आ रहे है। गौरतलब है कि मीडिया द्वारा कवरेज व सवाल करने पर पीडब्लयूडी के अधिकारी संतोषजनक जवाब नहीं दे पा रहे है। बतां दे कि फोन करने पर पीडब्ल्यूडी अधिकारी मेघा पारीक ने कहा कि मुझे बार-बार फोन करके परेशान नहीं करें। इधर ग्रामीण खराब हुई सड़क की क्वालिटी चेक और पैच वर्क की मांग पर अड़े है। ग्रामीण बोले कि सड़क रोज-रोज नहीं बनती, स्थानीय लोगों का दायित्व है कि उनके क्षेत्र में बनने वाली सड़क की अच्छी क्वालिटी हो।

फिलहाल ग्रामीणों ने कहा है कि पहले जहां-जहां से टूटी हुई रोड़ है उसे सही करो बाद में आगे की रोड़ बनने देंगे। रविवार को दोपहर बाद सड़क निर्माण कार्य वापस शुरू कर दिया है। इसके अलावा ग्रामीणों ने अधिकारियों व ठेकेदार पर सड़क चौड़ाईकरण में भेदभाव करने का भी आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य को लेकर मांग की है सड़क कार्य की गुणवत्ता में सुधार हो।



### ग्रामीणों का आरोप : घटिया निर्माण सामग्री का हो रहा उपयोग

गोविंदगढ़ से पचार वाया खाचरियावास से बाय तक बनने जा रही सड़क में ग्रामीणों ने विभाग व ठेकेदारों पर घटिया निर्माण सामग्री काम में लेने का आरोप लगाया। लोगों ने कहा,मीडिया द्वारा खामियां उजागर करने के बावजूद ठेकेदार, अफसर अपनी कारगुजारी से बाज नही आ रहे हैं। ऐसे में पूरी बनने से पहले ही सड़क टूटने के बावजूद भी क्वालिटी में सुधार नहीं हो रहा है। जबकी वर्क का मेटेरियल सही नहीं होने से सड़क टूटने लगी हैं। ग्रामीण क्वालिटी जांच में मेटेरियल सही नहीं होने का दावा भी कर रहे है। इस प्रकार महज एक ही सप्ताह में तैयार हो रही सड़क टूटने से मेटेरियल टेस्टिंग पर सवाल उठ रहे हैं।



### नवनिर्मित सीसी सड़क पर आई दरारें, ग्रामीणों में आक्रोश

पचार कस्बे में नवनिर्मित सीसी सड़क पर जगह-जगह दरारें आने लगी हैं। जानकारी के अनुसार गोविंदगढ़ से जीणमाताजी तक बनने वाली स्टेट हाईवे सड़क का निर्माण कार्य प्रगति पर है। लेकिन लगभग एक-दो माह पहले बनी सीसी सड़क पर कई स्थानों पर दरारें दिखाई देने लगी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क अभी नई ही बनी है और इस पर दरारें पड़ना चिंता व आक्रोश है। यह सड़क गोविंदगढ़, हस्तेड़ा, बादल, पचार, खाचरियावास, बनाथला होते हुए गनोड़ा और जीणमाताजी तक जाएगी। कस्बेवासियों कहा कि सड़क जनता के लिए बहुत उपयोगी है, लेकिन समय से पहले खराब होना निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़ा करता है। पचार में प्याऊ बस स्टैंड से लेकर कस्बे की पूर्वी सीमा तक कई जगह इसी तरह की स्थिति देखने को मिल रही है।








### सड़क निर्माण का वीडियो वायरल

पचार से खाचरियावास, बाय तक बनने वाली सड़क में घटिया सामग्री के उपयोग व ग्रामीणों के विरोध का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ युवक अपने हाथों से सड़क से डामर हटाते नजर आ रहे हैं जिससे यह साफ जाहिर हो रहा है कि सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है। घटना की जानकारी ग्रामीणों द्वारा काम रुकवा कर सूचना सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दी गई जिस पर अधिकारी मौके पर पहुंचे और दौबारा सड़क निर्माण कार्य चालू करवाया है।

### अधिकारियों पर लगे मिलीभगत के आरोप

इस मामले पर सार्वजनिक निर्माण विभाग से मेघा पारीक से बात की तो उनका कहना है कि सड़क निर्माण कार्य के लिए ठेकेदार द्वारा गुणवत्तापूर्ण निर्माण सामग्री काम में लेने के लिए पाबंद किया गया है। लेकिन अधिकारी इस मामले में लापरवाही या घटिया निर्माण स्वीकार करने को तैयार नहीं है। नियमों के अनुसार बिना पर्याप्त टेम्प्रेचर के डामर सड़क नहीं डाली जा सकती है, लेकिन सार्वजनिक निर्माण विभाग के ठेकेदार ने ना सिर्फ ऐसा किया बल्कि घटिया सामग्री का भी उपयोग किया गया। ऐसे में विभाग के अधिकारियों पर भी मिलीभगत के आरोप लग रहे हैं।




# सांस्कृतिक सृजन पखवाड़ा : फलौदी दुर्ग महोत्सव का हुआ भव्य आगाज

### अमृत वाणी,शोभा यात्रा सहित सांस्कृतिक संध्या में आमजन ने उत्साह के साथ लिया भाग




### सांस्कृतिक संध्या में लोक कलाकारों ने बिखरे रंग

द डेस्प्रिंग

**श्री राम भादू फलोदी ।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की पहल पर आयोजित सांस्कृतिक सृजन पखवाड़े के अंतर्गत राजस्थान संगीत नाटक अकादमी जोधपुर एवं जिला प्रशासन फलोदी द्वारा मंगलवार को फलोदी दुर्ग महोत्सव का शुभारंभ किया गया। दो दिवसीय दुर्ग महोत्सव के प्रथम दिन आमजन ने अमृत वाणी, दुर्ग से लटियाल माता मंदिर तक शोभा यात्रा, सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित अन्य गतिविधियों में उत्साह के साथ भाग लिया। सांस्कृतिक संध्या में शास्त्रीय संगीत के कलाकारों एवं नृत्यांगनाओं द्वारा बेहतरीन प्रस्तुतियां दी गई जिसे उपस्थित जन समुदाय द्वारा खूब सराहा गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां लटियाल के भजन से हुई। इसके बाद उमराव लंगा दल द्वारा लंगा गायन की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। लीलादेवी, पादरला द्वारा तेरहताली की प्रस्तुति दी गई। सुनयना व्यास द्वारा भरतनाट्यम की प्रस्तुति को दर्शकों द्वारा खूब सराहा गया। इतिहासकार महेश आचार्य द्वारा फलोदी के इतिहास का व्याख्यान दिया। इसी प्रकार मूलदास एंड पार्टी द्वारा घूमर नृत्य, यूसुफ खान द्वारा भंपग वादन, नबाब खां द्वारा संतूर वंदन, अनूप पुरोहित व हुलास द्वारा भजन,लीला देवी द्वारा चरी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। अपनाथ दल द्वारा कालबेलिया नृत्य की प्रस्तुति प्रदान की गई, कालबेलिया नृत्यांगनाओं की शारीरिक लोच और कतरब देख कर दर्शकों ने सराहना की। विधायक पब्बाराम विश्नोई ने लोक कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों की सराहना की तथा कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि महोत्सव से जिले में पर्यटन विकास का नया आयाम स्थापित होगा। जिले की संस्कृति व ऐतिहासिक धरोहर को वैश्विक स्तर पर पहचान मिलेगी। जिला कलक्टर श्वेता चौहान ने महोत्सव को यादगार बनाने के लिए सभी लोक कलाकारों व जिलेवासियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने आमजन से 1 अक्टूबर को महोत्सव के दूसरे दिन आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में भी उत्साह के साथ भागीदार बनने की अपील की। राजस्थान संगीत नाटक अकादमी के सचिव शरद व्यास द्वारा अवगत करवाया गया कि माननीय उपमुख्यमंत्री महोदया की पहल पर राज्य में सांस्कृतिक सृजन पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत राजस्थान संगीत नाटक अकादमी द्वारा राज्य के विभिन्न पूरा महत्व के स्थलों पर लोक सांस्कृतिक एवं शास्त्रीय संगीत से संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन करवाया जा रहा है। दुर्ग में विभिन्न स्थानों पर कलाकार शमशाद द्वारा बहरूपिया, सुरेश भाट द्वारा कठपुतली, उकाराम परिहार द्वारा लाल आंगी गैर, तमाराम द्वारा सफेद आंगी गैर, राम प्रसाद द्वारा कच्ची घोड़ी, राजेंद्र द्वारा शहनाई वादन किया गया। महोत्सव में पधारे लोगों द्वारा दुर्ग में आयोजित किए गए महोत्सव को बहुत पसंद किया गया तथा इस प्रकार के आयोजन निरंतर किए जाने की इच्छा व्यक्त की। इस दौरान कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी पूजा चौधरी, जनप्रतिनिधि वीरेंद्र प्रताप सिंह, नगर परिषद आयुक्त विक्रम सिंह चारण,उद्योग महाप्रबंधक अंजुला आसदेव सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक अमरदीप शर्मा के लिए जैमन प्रिंटर्स प्रा. लि. रोड नं. 14 पी विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एरिया जयपुर, 302013 से मुद्रित एवं एफ- 43 गोविंदम टावर ,करधनी कालवाड़ रोड जयपुर से प्रकाशित। प्रधान कार्यालय:- एफ- 43 गोविंदम टावर करधनी कालवाड़ रोड जयपुर 302012 (राज.) संपादक अमरदीप शर्मा । राजस्थान मीनू सेन प्रबंध संपादक सीकर मो: नंबर 8619639447